हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, सोमवार 9 मार्च 2026

तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री

न्यूनतम 23.4 डिग्री

## खबर संक्षेप

### साइकिल सवार पर किया हमला, दो गिरफ्तार

**रायपुर।** सुबह पांच बजे ड्यूटी पूरी कर अपने घर की तरफ लौट रहे युवक सनत कुमार पर धारदार हथियार से हमला करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने चंद घंटों में ही गिरफ्तार कर लिया। इसके लिए पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे 80 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों के फूटेज खंगाले। हमले में सनत की पीठ पर गंभीर चोट आई थी। पकड़े गए आरोपियों में इमरान कुरैशी और राजेश्वर नेताम उर्फ गोपी शामिल हैं। दोनों एएचपी कालोनी उरला के रहने वाले हैं। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। उनके खिलाफ उरला पुलिस ने धारा 109(1), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### शराब दुकान में भूल आया बाइक, चोरी

**रायपुर।** दोस्त की बाइक उधार लेकर शराब दुकान गया युवक वहां गाड़ी छोड़ आया। दूसरे दिन होश आने पर वह शराब दुकान पहुंचा, तब तक गाड़ी गायब हो चुकी थी। फरवरी में हुई इस घटना की शिकायत गंज थाने में कराई गई थी, जिसकी जांच के बाद पुलिस ने चोर को गिरफ्तार किया है। बजरंग नगर में रहने वाले राहुल सोनी शिकायत पर जांच कर रही पुलिस ने सहसपुर लोहारा कबीरधाम के महेश कुमार नेताम को पकड़कर पूछताछ की तो उसने वाहन चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।

### पंचर बनाने के विवाद पर भिड़ गए दुकानदार



**रायपुर।** आमानाका इलाके में ट्रक के पहिए का पंचर बनाने के विवाद पर दो दुकानदारों के बीच मारपीट हो गई। टाटीबंध चौक पर दुकान चलाने वाले अशफाक मोहम्मद ने मो. जुनैद पर मारपीट का आरोप लगाया है। शिकायत में बताया गया है कि आरोपी ने प्रार्थी की दुकान के सामने अपनी गाड़ी खड़ी कर दी थी। इससे प्रार्थी का धंधा प्रभावित हो रहा था। मारपीट के मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की है।

### चाकू दिखाकर धमका रहा बदमाश धरा गया

**रायपुर।** चाकू दिखाकर गांव के रहवासियों को धमकाने वाले बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। विधानसभा थाना क्षेत्र के ग्राम बरौदा के तालाब किनारे परमानंद बंजारे उर्फ दादू बटनदार चाकू दिखाकर लोगों से गाली-गलौज कर रहा था, साथ ही धमकी भी दे रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 25 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया है। बदमाश की हरकतों के कारण गांव के लोग काफी दहशत में थे।

### तीन युवकों पर पत्थर और डंडे से हमला, केस दर्ज

**रायपुर।** राजेंद्र नगर इलाके में युवकों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। मामूली बात को लेकर शुरू हुए विवाद पर कुछ युवकों ने गाली-गलौज करते हुए डंडे और पत्थर से हमला कर दिया, जिससे तीन युवक घायल हो गए। घायल युवकों ने अस्पताल में उपचार कराने के बाद थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित युवक राजेंद्र नगर क्षेत्र का रहने वाला है और कक्षा 12वीं का छात्र है। उसने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 4 मार्च 2026 की दोपहर करीब 1.50 बजे वह अपने दोस्तों मनीष और दिलखुश के साथ मोहल्ले में पैदल घूम रहा था। जब वे लोग माता रानी दुकान के पास पहुंचे तो उसी दौरान वहां मौजूद राहुल और उसके कुछ साथी वहां आ गए और उन्होंने बिना कारण के दोनों दोस्तों से सवाल-जवाब शुरू कर दिया और विवाद के बाद मारपीट शुरू कर दी।

---

*लोक शिक्षण संचालनालय ने शिक्षक संघ से मांगे सुझाव*

# सेवारत शिक्षकों के लिए विभागीय स्तर पर पात्रता परीक्षा की तैयारी! क्योंकि इसके बगैर प्रमोशन नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित शिक्षक पात्रता परीक्षा के इतर विभागीय स्तर पर परीक्षा आयोजित करने प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है। इसके लिए लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा प्रदेश शिक्षक संघ से सुझाव मांगे हैं। प्रदेश में 1 लाख 90 हजार शासकीय शिक्षक हैं। इनमें से करीब 35 हजार शिक्षक ही शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके हैं।

खास खबर



■ सुप्रीम कोर्ट के आदेश पश्चात टेट उत्तीर्ण नहीं करने वाले शिक्षकों की रुकेगी पदोन्नति

85 हजार शिक्षकों पर टेट उत्तीर्ण करने की तलवार लटक रही है। शेष 70 हजार शिक्षकों का कार्यकाल पांच वर्ष से कम बचा है अथवा वे प्राचार्या या व्याख्याता हैं। नए नियमों से प्रत्यक्ष रूप से 85 हजार शिक्षकों के समक्ष अपनी नौकरी बचाए रखने और पदोन्नति का संकट खड़ा हो गया है। छग टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष संजय शर्मा ने बताया, शिक्षकों के प्रतिनिधि मंडल ने डीपीआई अधिकारियों से मुलाकात कर शिक्षकों की सेवा-सुरक्षा विषयक चर्चा की ⏭ शेष पेज 13 पर

### न्यूनतम उत्तीर्ण अंक युक्तिसंगत रखने की मांग

शिक्षक संघ ने परीक्षा का पाठ्यक्रम व्यावहारिक एवं सेवा-अनुभव आधारित रखने की मांग की है, जिससे शिक्षक सहज रूप से उत्तीर्ण हो सकें। परीक्षा में न्यूनतम उत्तीर्णांक युक्तिसंगत रखने, आयु सीमा से छूट एवं सेवा अनुभव को वेटेज प्रदान करने, परीक्षा को पदोन्नति एवं सेवा नियमितीकरण से जोड़ने, परीक्षा प्रक्रिया सरल एवं विभागीय स्तर पर ही संचालित करने की मांग की है। इसके अलावा परीक्षा प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक दोनों स्तर के लिए आयोजित करने की भी मांग शिक्षकों ने की है। शिक्षक पात्रता परीक्षा ऑफलाइन रखने की मांग की गई है, ताकि उम्रदराज शिक्षक जिन्होंने कभी ऑनलाइन परीक्षा नहीं दिलाई है उन्हें अधिक असुविधा ना हो।

### यह है आदेश में

गौरतलब है, एक मामले में सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने शिक्षकों की पात्रता संबंधित मापदंड तय किए थे। इस आदेश के अनुसार, सभी सेवारत शिक्षकों के लिए टेट अर्थात टीचर्स एलिजिबिलिटी टेस्ट अर्थात शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य है। शिक्षकों को दो वर्ष के अंतराल में इस पात्रता परीक्षा को उत्तीर्ण करना होगा। केवल ऐसे शिक्षक जिनका कार्यकाल पांच वर्ष अथवा इससे कम शेष है, उन्हें छूट दी गई है। हालांकि छूट का लाभ प्राप्त करने वाले शिक्षकों को पदोन्नति नहीं मिलेगी। व्यावसायिक परीक्षा मंडल प्रतिवर्ष इस परीक्षा का आयोजन नहीं करता है। दो वर्ष अथवा इससे भी अधिक अंतराल में व्यापम यह परीक्षा लेता है। यही कारण है कि शिक्षक कम अंतराल में वर्ष में कम से कम दो बार टेट लिए जाने की मांग कर रहे हैं।

---

*बिलासपुर-रायपुर का सफर होगा मुश्किल*

# अप्रैल में 10 एक्सप्रेस और 11 लोकल ट्रेनें रद्द, हजारों यात्रियों की बढ़ी मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर और बिलासपुर के यात्रियों की लाइफलाइन मानी जाने वाली लोकल ट्रेनें अप्रैल में 11 दिनों तक रद्द रहेंगी। दैनिक नियमित यात्रियों को दफ्तर और अपने कार्यस्थल तक आने और घर लौटने के लिए एक्सप्रेस ट्रेनों का सहारा लेना होगा, क्योंकि रायपुर और बिलासपुर से चलने वाली 11 लोकल ट्रेनें 31 मार्च से 11 अप्रैल तक रद्द रहेंगी। बता दें कि हावड़ा-मुंबई मुख्य लाइन पर स्थित दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के बिलासपुर–झारसुगुड़ा सेक्शन में चौथी लाइन के निर्माण का कार्य किया जा रहा है। इस कड़ी में बिलासपुर-चांपा सेक्शन के मध्य अकलतरा स्टेशन पर चौथी लाइन कनेक्टिविटी के लिए प्री-नॉन/नॉन-इंटरलॉकिंग का कार्य किया जाएगा। खास बात यह भी है कि 4 से 24 अप्रैल के बीच शालीमार, छत्तीसगढ़, गोंडवाना और समता एक्सप्रेस जैसी लंबी दूरी की ट्रेनें भी रद्द रहेंगी। एक तरफ एक्सप्रेस ट्रेनों के अभाव से यात्रियों को दिक्कत होगी, वहीं रायपुर से बिलासपुर जाने के लिए मेमू ट्रेनों का भी टोटा रहेगा। कुल मिलाकर अप्रैल में रेल यात्रियों का सफर काफी मुश्किल होने वाला है।

हरिभूमि सरोकार

■ हसदेव एक्सप्रेस इस बीच लोकल ट्रेन बनकर चलेगी, नियमित यात्रियों को एक्सप्रेस में करना होगा सफर

■ बिलासपुर–झारसुगुड़ा सेक्शन में चौथी लाइन परियोजना का चलेगा कार्य



### एक्सप्रेस की जगह पैसेंजर बनकर चलेगी हसदेव एक्सप्रेस

11 लोकल ट्रेनों को रद्द करने के बाद रेलवे ने हसदेव एक्सप्रेस को नियमित रूप से चलाने का फैसला लिया है, लेकिन यह ट्रेन एक्सप्रेस की जगह 31 मार्च 2026 से 11 अप्रैल 2026 तक कोरबा-बिलासपुर-कोरबा के मध्य पैसेंजर ट्रेन के रूप में चलाई जाएगी। चूंकि यह ट्रेन रायपुर से बिलासपुर के बीच लोकल की तरह चलेगी, इसलिए सुबह और शाम के वक्त इस ट्रेन में यात्रियों का दबाव दोगुना होगा।

### यात्रियों की बढ़ेगी परेशानी

रायपुर से बिलासपुर के बीच सफर करने वाले यात्रियों की संख्या रोजाना 10 हजार से अधिक है। एमएसटी कार्ड से सफर करने वाले भी 8 हजार से अधिक हैं। ऐसे में एक साथ 11 लोकल ट्रेनों के रद्द होने से रोज 30 हजार से भी अधिक यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। सुबह 11 बजे तक रायपुर पहुंचने वाली कोई ट्रेन नहीं होने से यात्रियों को एक्सप्रेस ट्रेन पकड़ने घर से जल्दी निकलना होगा। सुबह और शाम के वक्त अंबिकापुर एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रियों का दबाव काफी बढ़ जाएगा।

### 31 मार्च से 11 अप्रैल के बीच रद्द रहेंगी ये लोकल

- 68738/68737 : बिलासपुर–रायगढ़-बिलासपुर मेमू (31 मार्च से 11 अप्रैल)
- 68735 : रायगढ़-बिलासपुर मेमू पैसेंजर (31 मार्च से 11 अप्रैल)
- 68736 : बिलासपुर-रायगढ़ मेमू पैसेंजर (30 मार्च से 10 अप्रैल)
- 68746 : रायपुर–गेवरा रोड मेमू पैसेंजर (30 मार्च से 10 अप्रैल)
- 68745 : गेवरा रोड-रायपुर मेमू पैसेंजर (31 मार्च से 11 अप्रैल)
- 58204 : रायपुर-कोरबा पैसेंजर (30 मार्च से 10 अप्रैल)
- 58203 : कोरबा-रायपुर पैसेंजर (31 मार्च से 11 अप्रैल)
- 68734/68733 : बिलासपुर–गेवरा रोड-बिलासपुर मेमू पैसेंजर (31 मार्च से 11 अप्रैल)
- 68732/68731 : बिलासपुर–कोरबा-बिलासपुर मेमू पैसेंजर (31 मार्च से 11 अप्रैल)
- 58210 : बिलासपुर-गेवरा रोड पैसेंजर (05 अप्रैल से 11 अप्रैल)
- 68861 : गोंदिया-झारसुगुड़ा पैसेंजर (31 मार्च से 11 अप्रैल तक बिलासपुर स्टेशन में समाप्त होगी तथा बिलासपुर–झारसुगुड़ा के मध्य रद्द रहेगी)
- 68862 : झारसुगुड़ा-गोंदिया पैसेंजर (31 मार्च से 11 अप्रैल तक बिलासपुर स्टेशन से प्रारम्भ होगी तथा झारसुगुड़ा–बिलासपुर के मध्य रद्द रहेगी)

---

# राजधानी प्रदेश में सर्वाधिक गर्म, हीट स्ट्रोक प्रबंधन कक्ष सक्रिय रखने आदेश



■ 16 डिग्री के साथ अंबिकापुर सबसे ठंडा, यहां अब भी हल्की ठंड



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर में रविवार को अधिकतम तापमान 37 डिग्री पहुंच गया। यह प्रदेश में सर्वाधिक है। यह सामान्य से 3.2 डिग्री अधिक है। ना केवल अधिकतम तापमान बल्कि न्यूनतम तापमान भी सामान्य से 3.5 डिग्री अधिक 23.4 डिग्री दर्ज किया गया। दिन के अलावा रात में भी लोगों को पंखे चलाने पड़े। मौसम विभाग के अनुसार, छत्तीसगढ़ के अधिकतर जिलों में तापमान सामान्य से 2 से 3 डिग्री तक अधिक है। आने वाले कुछ दिनों तक यह स्थिति रह सकती है। प्रदेश में फिलहाल सबसे ठंडा अंबिकापुर है। यहां न्यूनतम तापमान 16.4 डिग्री दर्ज हुआ। यह प्रदेश में सबसे ⏭ शेष पेज 13 पर

### संचालनालय ने जारी किए दिशा-निर्देश

इधर, राज्य में बढ़ते तापमान और संभावित हीटवेव की स्थिति को देखते हुए स्वास्थ्य सेवाओं को सजग रखने की दिशा में आवश्यक तैयारियां तेज कर दी गई हैं। संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं द्वारा जारी एडवाइजरी के अनुसार जिला ⏭ शेष पेज 13 पर

---

# पुलिस की 'पिंक पेट्रोल यूनिट' कॉल ट्रेकर और पेट्रोलिंग के जरिए महिलाओं को पहुंचेगी मदद



■ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला की नई पहल

■ तीन पेट्रोलिंग यूनिट से हुई शुरुआत, 27 अधिकारी-कर्मचारियों की टीम तैनात

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

महिला की सुरक्षा और आपातकालीन स्थिति में त्वरित सहायता के लिए रायपुर कमिश्नरेट में अब पुलिस की पिंक पेट्रोल यूनिट एक्शन मोड में रहेगी। कॉल ट्रेकर और पेट्रोलिंग के जरिए प्रभावितों तक मदद पहुंचाई जाएगी। पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला ने इस नई पहल की शुरुआत तीन पेट्रोलिंग यूनिट से की है। पिंक पेट्रोल यूनिट में 27 अधिकारी-कर्मचारियों की तैनाती की गई है।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर अमित कांबले ने रविवार को पिंक पेट्रोल यूनिट के वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अफसरों के अनुसार, इस यूनिट में तैनात कर्मचारी आने वाली शिकायतों पर कॉल ट्रेकर, कंट्रोल यूनिट तथा पेट्रोलिंग के माध्यम से महिलाओं से संबंधित आपात स्थितियों में त्वरित सहायता प्रदान करेंगे। पेट्रोलिंग टीम प्रतिदिन दो शिफ्ट में यानी सुबह 6 से दोपहर 2 और दूसरी शिफ्ट दोपहर 2 से रात्रि 10 बजे तक काम करेगी। कॉल ट्रेकर एवं कंट्रोल यूनिट महिलाओं से ज ⏭ शेष पेज 13 पर

### स्कूल-कालेज और मॉल पर भी नजर

पिंक पेट्रोल यूनिट तमाम सार्वजनिक स्थानों के साथ सप्ताह में दो दिन स्कूल, कालेजों एवं विभिन्न शॉपिंग मॉल में जाकर महिला सुरक्षा कानून के संबंध में जागरूकता लाने का प्रयास करेगी। साथ ही स्टॉकिंग एवं ईव-टीजिंग संभावित क्षेत्रों में सरप्राइज पेट्रोलिंग, संवेदनशील स्थलों का सर्वे एवं मैपिंग किया जाएगा। इसके अलावा इन स्थानों पर होने वाली गतिविधियों पर भी नजर रखा जाएगा।

### मदद के लिए वाट्स एप नंबर जारी

पुलिस अफसरों ने पिंक पेट्रोल यूनिट से मदद मांगने वाली महिलाओं के लिए वाट्स एप हेल्पलाइन नंबर 94792-10932 जारी किया है। किसी तरह की दिक्कत होने पर इस नंबर पर कॉल कर महिलाएं मदद मांग सकेगी। रविवार को इस नई पहल की शुरुआत करने के दौरान अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त मुख्यालय डॉ. अर्चना झा, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त सेंट्रल तारकेश्वर पटेल, सहायक पुलिस आयुक्त सीएडब्ल्यू रुचि वर्मा, सहायक पुलिस आयुक्त लाइन नीलेश द्विवेदी सहित अन्य अफसर मौजूद थे।

---

# गांजे के अवैध कारोबार पर पुलिस की नकेल, अब तक 36 पकड़े गए, एक करोड़ का सामान भी जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश में फल-फूल रहे गांजे के अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी है। इसके लिए गठित एण्टी नारकोटिक्स टॉस्क फोर्स ने बीते तीन महीनों में 36 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे 191 किलो गांजा के साथ 1.08 करोड़ का अन्य सामान जब्त किया है। गांजा तस्करी के मामले में जेल में बंद खमतराई के एक तस्कर की पत्नी भी गांजा सप्लाई करते अपने एक अन्य साथी के साथ पकड़ी गई।

नशे के कारोबार को खत्म करने पुलिस की एंटी क्राइम एण्ड सायबर यूनिट काम कर रही है। उनके द्वारा चलाए गए ⏭ शेष पेज 13 पर

■ पति के बाद पत्नी भी गांजा तस्करी करते पकड़ी गई, फिल्मी अंदाज में गिरफ्तार



### पुलिस को चकमा देकर भागे, पकड़े गए

अभियान के इसी दौर में शनिवार को पुलिस टीम ने फिल्मी अंदाज में खमतराई इलाके के गांजा तस्कर उदय जैन की पत्नी डॉली उर्फ माधुरी जैन को एक अन्य साथी कृष्ण साहू के साथ गिरफ्तार किया। सूचना मिली कि आरंग से रायपुर की ओर एक्टिवा में आ रहे दो लोग गांजा रखे हुए हैं। इस आधार पर पुलिस की संयुक्त टीम ने तेलीबांधा रिंगरोड पर नाकेबंदी की। संदेही उन्हें चकमा देकर भागने लगे और पुलिस टीम ने काफी दूर तक पीछा करने के बाद उन्हें पकड़ा। उनके पास से करीब 3 लाख रुपए का गांजा बरामद किया गया। दोनों आरोपी तेलीबांधा में तैनात टीम को चकमा देकर कबीर नगर इलाके तक पहुंच गए थे। उनके खिलाफ 20बी नारकोटिक्स एक्ट की कार्रवाई की गई है।

---

# कम नहीं हो रहा सूखे नशे का कारोबार नशीली टेबलेट के साथ एक गिरफ्तार

## ग्राहक की तलाश में भाठागांव में घूमते पुलिस ने धर-दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दवाओं का उपयोग नशे के लिए करने वालों की धरपकड़ के अभियान के बाद भी सूखे नशे का दौर थम नहीं रहा है। भाठागांव इलाके में 14 हजार की नशीली टेबलेट के साथ पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मस्तिष्क की तनावग्रस्त मांसपेशियों को शांत करने वाली टेबलेट बेचने आरोपी ग्राहक तलाश रहा था।

पिछले कुछ समय से सूखा नशा यानी गांजा और नशीली दवाओं का उपयोग बढ़ा है, जिससे आपराधिक घटनाओं में इजाफा हुआ है। पुलिस की टीम इसकी रोकथाम के लिए लगातार अभियान चलाकर



बदमाशों की धरपकड़ भी कर रही है। इस दौर में पुरानी बस्ती थाने की टीम ने भाठागांव के दरी तालाब के पास 21 वर्षीय नारायण सोनकर को गिरफ्तार किया। सूचना मिली थी कि एक युवक नशीली टेबलेट बेचने ग्राहक की तलाश कर रहा है। घटनास्थल पहुंचकर पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया ⏭ शेष पेज 13 पर

---

## स्कूल शिक्षा विभाग के साथ परिवहन आयुक्त को भी लिखा गया खत

# निजी स्कूलों का सरकार को बस देने से इंकार फीस वृद्धि नहीं होने के विरोध में असहयोग आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

निजी स्कूलों ने किसी भी शासकीय कार्य के लिए अपनी बसें अथवा अन्य वाहन देने से इनकार कर दिया गया है। ऐसा आरटीई संबंधित उनकी मांगों के कारण किया गया है। निजी स्कूल शासन से आरटीई फीस बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। इसमें किसी तरह की वृद्धि नहीं होने पर निजी स्कूलों ने असहयोग आंदोलन करते हुए किसी भी शासकीय कार्य में किसी भी तरह के सहयोग से इनकार कर दिया है। निजी स्कूलों का कहना है कि शिक्षा के अधिकार अधिनियम के अंतर्गत उन्हें प्रदान की जाने वाली राशि में अधिनियम लागू होने से लेकर अब तक एक बार भी वृद्धि नहीं की गई है। शिक्षकों को निजी स्कूलों द्वारा दिए जा रहे वेतन सहित अन्य सभी मद में उन्हें अधिक पैसे खर्च करने पड़ रहे हैं, लेकिन शासन ने अब तक उनकी मांगों पर विचार नहीं किया है। इस कारण छोटे स्कूलों को विशेष आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। निजी स्कूल संघ ने परिवहन आयुक्त को भी इस संदर्भ में खत लिखा है।

■ स्कूल संघ का कहना, विभिन्न जिला परिवहन अधिकारी आयोजनों के लिए मांग रहे बस




### कोई विकल्प नहीं

हम छात्रों को सभी तरह की सुविधा प्रदान करते हैं। इसके बाद भी हमारी समस्याएं नहीं सुनी जा रही हैं। असहयोग करने के अलावा हमारे पास कोई अन्य विकल्प नहीं है।

\- **राजीव गुप्ता, अध्यक्ष,** निजी स्कूल संघ

### बैठक में लिया गया निर्णय

इस संदर्भ में निजी स्कूलों की एक मार्च बैठक हुई थी। इसमें एसोसिएशन की प्रदेश कार्यकारिणी ने निर्णय लिया है कि जब तक स्कूल शिक्षा विभाग, 'शिक्षा के अधिकार कानून' के तहत निजी स्कूलों को दी जाने वाली प्रतिपूर्ति राशि नहीं बढ़ाता, तब तक प्रदेश के सभी स्कूल असहयोग आंदोलन करेंगे। स्कूल संघ के अनुसार, विभिन्न जिला परिवहन अधिकारी कार्यालयों द्वारा अलग-अलग कार्यक्रमों के लिए स्कूलों से बसों की मांग की जा रही है। एसोसिएशन ने स्पष्ट किया है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, वे अपनी बसें उपलब्ध कराने में असमर्थ होंगे। यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक कि प्रतिपूर्ति राशि में वृद्धि का उनका निवेदन स्वीकार नहीं कर लिया जाता।

## खबर संक्षेप

### भाजपा ओबीसी मोर्चा के शत्रुहन बने उपाध्यक्ष

**तरपोंगी।** भाजपा ओबीसी मोर्चा द्वारा सांकरा निवासी शत्रुहन यदु को



रायपुर जिला ग्रामीण के उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। इस नियुक्ति से क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है। उन्होंने इस नियुक्ति पर ओबीसी मोर्चा का आभार व्यक्त करते हुए कहा, पार्टी ने मुझ पर जो भरोसा जताया है उस पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा।

### टेरिटोरियल आर्मी में हुआ कन्हैया बघेल का चयन

**अभनपुर।** ग्राम पचेड़ा-2 निवासी कन्हैया बघेल (24) का चयन टेरिटोरियल आर्मी (टी ए) में हुआ है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। कन्हैया बघेल साधारण परिवार से हैं। उनके पिता का बचपन में ही निधन हो गया था और उनकी माता आंगनबाड़ी सहायिका के रूप में कार्यरत हैं। परिवार की जिम्मेदारियों के साथ उन्होंने पढ़ाई जारी रखते हुए दर्जी का काम भी किया। करीब दो वर्ष पहले क्रिकेट खेलते समय घुटने में गंभीर चोट लगने के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और कड़ी मेहनत से लिखित व शारीरिक परीक्षा पास कर टेरिटोरियल आर्मी में स्थान हासिल किया।उनकी इस सफलता पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, पूर्व सैनिक संगठन व विभिन्न सामाजिक संगठनों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### दो स्थायी वारंटियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अभनपुर।** पुलिस अधीक्षक रायपुर ग्रामीण के निर्देशन में फरार आरोपियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना अभनपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने 6 से 7 वर्षों से फरार चल रहे दो स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।मिली जानकारी के अनुसार 8 मार्च को थाना अभनपुर क्षेत्र में किरायेदार जांच अभियान चलाया गया। इसके साथ ही रात्रि में थाना अभनपुर पुलिस द्वारा कांबिंग गश्त भी की गई। इसी दौरान लंबे समय से फरार चल रहे दो वारंटियों को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली। पहले मामले में लवकेश प्रताप सिंह बघेल, अपर सत्र न्यायाधीश न्यायालय रायपुर पॉक्सो एक्ट के तहत जारी स्थायी वारंटी दिनेश बंजारे उर्फ दिना पिता जवाहर लाल बंजारे (24 ), निवासी अभनपुर को गिरफ्तार किया गया। आरोपी पिछले लगभग 6 वर्षों से फरार चल रहा था। वहीं दूसरे मामले में शेखर उर्फ चन्द्रशेखर सिन्हा पिता बलदाउ सिन्हा उम्र 20 वर्ष निवासी अभनपुर को गिरफ्तार किया गया।

## निधन

### दुलारू राम साहू

**तरपोंगी।** सड्डू निवासी दुलारू राम साहू का 8 मार्च को सुबह निधन हो



गया। वे 82 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम में किया गया। वे भूत पूर्व सरपंच रामानंद के भाई व रूपेंद्र, बिरेन्द्र साहू के पिता थे। अंतिम यात्रा में गणमान्य नागरिक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन शामिल हुए।

**दिवस :** महतारी वंदन योजना की महिलाएं, आंबा कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को किया सम्मान

# साय के सुशासन में महिलाएं बन रहीं आत्मनिर्भर : खुशवंत गुरु

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पावन अवसर पर आरंग विकासखंड में नारी शक्ति के प्रति कृतज्ञता और सम्मान का एक भव्य आयोजन किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग आरंग एवं मंदिर हसौद परिक्षेत्र द्वारा सामुदायिक भवन (कम्युनिटी हॉल) में आयोजित इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के दौरान मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने 'महतारी वंदन योजना' की लाभार्थी महिलाओं, समर्पित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को प्रमाणपत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। समाज निर्माण और सरकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाओं की सराहना करते हुए उन्होंने उन्हें 'विकास की धुरी' बताया। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में चल रहे 'सुशासन' का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और सामाजिक सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है तथा महतारी वंदन योजना को केवल एक आर्थिक सहायता नहीं अपितु महिलाओं का स्वाभिमान बताया। साथ ही मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन वर्चुअल प्रसारण संदेश के साथ इस अवसर पर अध्यक्षता टाकेश्वरी मुरली साहू जनपद अध्यक्ष,नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉ संदीप जैन, जनपद उपाध्यक्ष रविंद्र रिंकू चंद्राकर, भाजपा मंडल अध्यक्ष देवनाथ साहू, चितरेखा विक्रम परमार पार्षद सभापति, भानमती राकेश सोनकर पार्षद सभापति, कृष्णा महेश साहू सभापति जनपद, पद्मिनी साहू जनपद सदस्य एवं जनप्रतिनिधि गण के के भारद्वाज,गणेश साहू,वेदराम खूंटे, तोषण साहू,संगीता साहू, सनत साहू आदि की सहभागिता रही। तथा पुरातत्व से शुभ्रा रजक तिवारी, विधि से अधिवक्ता रीति सोनपिपरे, कला से रिचा शर्मा भी सम्मानित हुवे एवं रंगोली मेंहदी, मटका फोड़ गेम भी आयोजित हुवे एवं निशुल्क रक्त, बीपी शुगर परीक्षण एवं पौष्टिक छत्तीसगढ़ी आहार एवं टीचर लर्निंग मटेरियल स्टाल का महिलाओं ने लाभ उठाया। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रधान पाठक अरविंद वैष्णव ने किया एवं आभार परियोजना अधिकारी द्वय सोमनाथ राजपूत व दीप्ति शुक्ला ने किया एवं आचार्य नरेंद्र द्विवेदी, शिक्षक महेंद्र पटेल एवं विभागीय प्रीति वर्मा, नीता वर्मा, अंजू तिर्की, अंजू लहरे, ममता गायकवाड़, रानो ठाकुर, केशर द्विवेदी, राजकुमारी द्विवेदी, झरना धीवर आदि मंदिर हसौद, भैसा, देवरी, चोरहा डीह, सजा, सकरी, रसनी, कुरूद, भिलाई, गुल्लू, चपरीद, लखोली, फरफोद, पहनदा, निसदा, अमेठी, चंदखूरी, बकतरा, छतोंना, कोटराभाटा, सोनपैरी, मालीडीह, समोदा, जरोद आदि पूरे विकासखंड से उपस्थिति उल्लेखनीय रही।



### महिलाओं के सशक्तिकरण से ही समाज होगा सुदृढ़ और विकास को मिलेगी गति

**सिलयारी।** भारतीय संस्कृति में नारी को उच्च स्थान प्राप्त है। प्राचीन शास्त्रों में कहा गया है—"यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता।" फिर भी सामाजिक इतिहास में कई कालखंड ऐसे रहे जब महिलाओं को शिक्षा और स्वतंत्रता से वंचित रखा गया। उन्नीसवीं सदी में सामाजिक सुधार आंदोलनों ने इस स्थिति को बदलने का प्रयास किया। इन आंदोलनों में कई महान व्यक्तित्वों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई सावित्रीबाई फुले आदि के प्रयासों ने भारतीय समाज में महिला शिक्षा और अधिकारों के लिए नई चेतना पैदा हुआ वहीं आज महिलाएं शिक्षित होकर भारतीय महिलाएं विज्ञान, राजनीति, खेल और अंतरिक्ष तक में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं। कल्पना चावला अंतरिक्ष यात्री थीं। मैरी कॉम विश्व चैंपियन मुक्केबाज हैं। इंदिरा गांधी भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री थीं और किरण बेदी भारत की पहली महिला IPS अधिकारी रहीं। पुलिस सेवा में ईमानदारी और सुधारों के लिए वे प्रसिद्ध रहीं। इन महिलाओं ने साबित किया कि मेहनत, साहस और आत्मविश्वास से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। ये महिलाएं नई पीढ़ी को बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने की प्रेरणा देती हैं। ये उदाहरण दर्शाते हैं आज इसी उदाहरण को गांव में निवासरत महिलाओं ने भी महिला स्व सहायता समूह, मितानिनो एवं समाज में चुनकर आए हुए महिलाओं द्वारा समाज हित कार्य में कहीं ना कहीं योगदान बना हुआ है इसी योगदान के लिए आज औद्योगिक क्षेत्र के ग्राम सांकरा में महिला दिवस मनाया गया वहां उपस्थित मितानिन, महिला स्व सहायता समूह महिला जनप्रतिनिधियों एवं ग्राम के उपस्थित महिलाओं का श्री फल देकर सम्मानित किया गया जिसमें मुख्य रूप से सरपंच रघुनाथ साहु पंचगण एवं ग्रामीण मौजूद रहे।



### बिहान की महिलाओं ने मनाया महिला दिवस

**आरंग।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आशा क्लस्टर चंदखुरी में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' के बैनर तले महिला दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्र की आशा कार्यकर्ता एवं बिहान से जुड़ी स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत महिला सशक्तिकरण के संदेश के साथ की गई, जिसमें महिलाओं की समाज और परिवार में महत्वपूर्ण भूमिका तथा उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। इस दौरान महिलाओं को आत्मनिर्भरता, आपसी सहयोग और संगठित होकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। आयोजन के दौरान महिलाओं के लिए विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं, जिनमें सभी प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसके साथ ही नृत्य और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को और भी आकर्षक बना दिया। महिलाओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए पूरे आयोजन को उत्सव का रूप दे दिया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं के सम्मान, उनके अधिकारों और उपलब्धियों को याद करने का महत्वपूर्ण अवसर है। ऐसे आयोजनों से महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ता है और आपसी एकजुटता की भावना भी मजबूत होती है। अंत में सभी प्रतिभागी महिलाओं को प्रोत्साहित किया गया तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## अरुणाचल में बहनाकाड़ी के पंथी दल ने दी रोचक प्रस्तुति



**मंदिर हसौद।** राजधानी रायपुर के पास स्थित ग्राम बहना काड़ी के जागृति पंथी दल ने 2 मार्च को नामसाई एवं तीन मार्च को गोल्डन पकोड़ा अरुणाचल प्रदेश में भारत को जनों एवं बॉर्डर एरिया मध्य दक्षिण उत्सव 2026 दक्षिण मध्य क्षेत्र संस्कृति केंद्र नागपुर एवं उत्तर पूर्व सांस्कृतिक केंद्र दीमापुर भारत सरकार के सहयोग से आयोजित किया गया था । इस उत्सव में मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ कर्नाटक महाराष्ट्र तेलंगाना के कलाकारों ने भी भाग लिया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ बहना काड़ी की जागृति पंथी लोक नृत्य दल ने आकर्षक पंथी लोक नृत्य के साथ छत्तीसगढ़ जन्मे संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा की संदेश मानव मानव एक समान , जीव हत्या पाप, जैसे 7 संदेश और 42 वाणी को गीत संगीत के माध्यम से प्रदेश के कोने-कोने बाबा जी के संदेश को पहुंचने के काम कर रहे हैं। तथा भारतीय संविधान के सिद्धांत समता समानता और संप्रभुत के विचार धारा को लेकर देश के कोने-कोने संगीत और पंथी नृत्य माध्यम से जन जन तक पहुंचने का काम कर रहे है, वही नागालैंड के बाद अरुणाचल प्रदेश में पंथी नृत्य और बाबा जी के विचारधारा सराहना किया गया जहां जागृति पंथी लोक नृत्य दल को सम्मानित किया । जिसमें दल प्रमुख उत्तम देवहरे, हितेश देवहरे, विशाल दास टोडर सुरेंद्र भारती, नरेश घृतलहरे, जोगेंद्र डहरिया, शेखर गायकवाड योगेश कुर्रे रणवीर खुटे यादि थे।

## पीपला ने जलदान अभियान का गौ सेवा धाम से किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

दिन-प्रतिदिन सूरज की तपिश बढ़ती जा रही है। मूक पशु पानी की तलाश में इधर-उधर भटकने लगे हैं। इसे देखते हुए नगर की स्वयंसेवी संस्था पीपला वेलफेयर फाउंडेशन के सदस्यों ने रविवार को आरंग के श्री बागेश्वरनाथ महादेव गौ सेवा धाम में जलपात्र में जल डालकर जलदान मिशन का शुभारंभ किया। फाउंडेशन के अध्यक्ष दूजेराम धीवर और संयोजक महेन्द्र कुमार पटेल ने बताया कि लगातार बढ़ती गर्मी को देखते हुए इस बार अभी से ही जलपात्र रखे जा रहे हैं।

पहले इस मिशन की शुरुआत 22 मार्च (विश्व जल दिवस) से की जाती थी। वहीं जलपात्र की बढ़ती मांग को देखते हुए जनसहयोग से इस बार एक हजार जलपात्र आरंग सहित महासमुंद, तुमगांव, नया रायपुर, तिल्दा, अभनपुर, रायपुर, मंदिर हसौद, धरसीवां, भिलाई-दुर्ग सहित ग्रामीण क्षेत्रों में वितरित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसी कड़ी में रविवार को फाउंडेशन ने दस



जलपात्र तुमगांव पहुंचाए, जिसकी सर्वत्र सराहना हो रही है। वहीं तीन जलपात्र आरंग के गौशाला के उपचार कक्ष के लिए प्रदान कर जलदान मिशन का शुभारंभ किया गया। ज्ञात हो कि यह संस्था विगत चार वर्षों से गर्मी के मौसम में नगर व क्षेत्र में गौमाता के लिए जगह-जगह जलपात्र रखकर लोगों को गौसेवा के लिए प्रेरित और जागरूक कर रही है। साथ ही इस मिशन को आगे बढ़ाने के लिए तन, मन और धन से सहयोग करने की जनमानस व गौसेवकों से अपील की गई है। इस अवसर पर फाउंडेशन के अध्यक्ष दूजेराम धीवर, संयोजक महेन्द्र कुमार पटेल, सदस्य हरीश दीवान, संदीप शर्मा तथा गौ सेवा धाम समिति से संतोष सोनी, नवीन गुप्ता, अमिताभ अग्रवाल, प्रहलाद लोधी, डॉ. हिरऊ साहू उपस्थित रहे।

## मानस संगठन ने विवाह समारोह में रामायण की प्रति का दिया उपहार



**आरंग।** राजा मोरध्वज आध्यात्मिक, धार्मिक एवं सामाजिक मानस संगठन आरंग द्वारा समाज में संस्कारों के संवर्धन की दिशा में एक सराहनीय पहल की गई। संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा डेमनराज पनूरिया (लोधी), पूर्वाध्यक्ष भाजपा मंडल खल्लारी एवं महासचिव मेघ कबड्डी क्रीड़ा मंडल, ग्राम कस्तूरबोड़ (बागबाहरा), जिला महासमुंद के सुपुत्र धरातल पनूरिया (लोधी) के विवाह समारोह में वर-वधू को उपहार स्वरूप रामायण ग्रंथ भेंट किया गया। इस दौरान मानस संगठन के सदस्यों ने नवदम्पति के सुखद, सफल एवं खुशहाल दांपत्य जीवन के लिए शुभकामनाएँ एवं आशीर्वाद प्रदान किया। साथ ही गृहस्थ जीवन में पारिवारिक एकता, सुख-शांति एवं संस्कारों की स्थापना हेतु नियमित रूप से रामचरितमानस के पठन-पाठन का संदेश दिया गया। इस अवसर पर मानस संगठन के पदाधिकारी मानस लोधी, अशोक साहू, देव सरण साहू, हीरालाल साहू, अवध विश्वकर्मा, संतोषलाल लोधी, मनमोहन गुप्ता, उपेंद्र साहू, ओंकार विश्वकर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान संगठन द्वारा यह संकल्प भी लिया गया कि भविष्य में विवाह समारोह, जन्मोत्सव एवं गृह प्रवेश जैसे शुभ अवसरों पर रामायण ग्रंथ भेंट कर समाज में सकारात्मक एवं सांस्कृतिक संदेश दिया जाएगा। यह पहल जनमानस में भारतीय संस्कृति एवं आध्यात्मिक मूल्यों को सशक्त करने की दिशा में एक नई सोच के रूप में देखी जा रही है।

## राष्ट्रीय अविष्कार अभियान में छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

नगर की सबसे प्राचीन शैक्षणिक संस्था पीएम श्री अरुंधति देवी शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय आरंग के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत शैक्षणिक भ्रमण के लिए जू और आदिवासी संग्रहालय, नया रायपुर ले जाया गया। यह भ्रमण पूरी तरह से निःशुल्क था। इस दौरान बच्चों ने विभिन्न प्रकार के वन्य जीवों को करीब से देखा और उनके बारे में जानकारी प्राप्त की। जू में शेर, बाघ, हिरण, बंदर सहित कई पशु-पक्षियों को देखकर बच्चे काफी उत्साहित दिखाई दिए। इसके बाद विद्यार्थियों



ने आदिवासी संग्रहालय का भ्रमण किया, जहां उन्होंने आदिवासी संस्कृति, परंपराओं, वेशभूषा, उपकरणों और जीवनशैली से जुड़ी कई रोचक जानकारियाँ प्राप्त कीं। संग्रहालय में प्रदर्शित कलाकृतियों और मॉडलों ने बच्चों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। एसएमडीसी अध्यक्ष खिलेश धुरंधर ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण से बच्चों को किताबों के अलावा व्यावहारिक ज्ञान भी मिलता है। आदिवासी संग्रहालय छत्तीसगढ़ के गौरवशाली इतिहास और कला-संस्कृति को प्रदर्शित करता है, जिससे बच्चों को काफी लाभ मिलेगा। प्राचार्य संध्यारानी बारीक ने कहा कि इस भ्रमण के दौरान बच्चों ने नई-नई चीजें सीखीं और दिनभर उत्साह के साथ गतिविधियों में भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएँ भी उपस्थित रहे और बच्चों का मार्गदर्शन करते रहे। यह शैक्षणिक यात्रा बच्चों के लिए ज्ञानवर्धक और यादगार साबित हुई। एसएमडीसी सदस्य महेंद्र सिंह ठाकुर ने इस शैक्षिक भ्रमण के लिए कुशल योजना एवं स्टाफ के सघन परिश्रम की सराहना की।

## ग्राम बरौदा में बटन चाकू दिखाकर दहशत फैलाने पर युवक गिरफ्तार

**धरसींवा।** विधानसभा धरसींवा क्षेत्र में इन दिनों अपराध का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है। विशेषकर चाकूबाजी की बढ़ती घटनाओं ने स्थानीय निवासियों की नींद उड़ा दी है। क्षेत्र में असामाजिक तत्वों द्वारा सरेराह धारदार हथियारों का प्रदर्शन और छोटी-छोटी बातों पर खूनी संघर्ष अब आम बात हो गई है। इसी कड़ी में विधानसभा पुलिस ने रविवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम बरौदा में एक युवक को अवैध बटनदार चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार रविवार को मुखबिर से पुख्ता सूचना पर ग्राम बरौदा स्थित पेंठु तालाब के पास एक संदिग्ध युवक गुलाबी टी-शर्ट और नीली जींस पहने घूम रहा है। बताया गया कि उक्त युवक के पास एक घातक और अवैध बटनदार चाकू है, जिससे वह राहगीरों में दहशत फैलाने की कोशिश कर रहा है। सूचना मिलते ही पेट्रोलिंग स्टाफ ने तत्काल गवाहों को साथ लिया और मौके पर दबिश दी। पुलिस को अपनी ओर आता देख आरोपी ने भागने का प्रयास



किया, लेकिन मुस्तैद टीम ने घेराबंदी कर उसे धर दबोचा। थाना प्रभारी शिवेंद्र राजपूत ने बताया कि आरोपी परमानंद बंजारे उर्फ दादू (23 ) से 9.2 इंच लंबा चाकू बरामद किया गया। पुलिस ने धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध कायम कर करके उसे गिरफ्तार किया। धरसींवा और विधानसभा क्षेत्र में बढ़ता खौफ क्षेत्रीय नागरिकों का कहना है कि धरसींवा और विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में अब शाम ढलते ही चाकूबाजों का जमावड़ा लगने लगता है। हाल के दिनों में हुई चाकूबाजी की घटनाओं ने कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस के लिए इन इलाकों में गश्त बढ़ाना और संदिग्धों पर नजर रखना एक बड़ी चुनौती बन गया है।

## नहर पाटकर प्लाटिंग की तैयारी फौरन रोक लगाने की मांग

**सिलयारी।** ग्राम साँकरा, तहसील धरसीवा जिला रायपुर में सरकारी निस्तार (घास) भूमि पर अवैध कब्जा कर प्लाटिंग किए जाने की तैयारी का मामला सामने आया है। इस संबंध में ग्रामीणों ने प्रशासन से शिकायत करते हुए मामले की निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम की कीमती सरकारी निस्तार भूमि, जिसका उपयोग वर्षों से पशुओं की चराई और अन्य सामुदायिक कार्यों के लिए किया जाता रहा है, उस पर कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्जा कर प्लाटिंग की तैयारी की जा रही है। बताया जा रहा है कि प्लाटिंग करने के उद्देश्य से आने-जाने का रास्ता बनाने के लिए सरकारी नहर को पाटकर मार्ग तैयार कर दिया गया है, जो पूरी तरह नियमों के विरुद्ध है। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह सरकारी नहर को पाटने से न केवल सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुँच रहा है बल्कि भविष्य में सिंचाई व्यवस्था पर भी असर पड़ सकता है। वहीं गांव के लोगों को यह भी आशंका है कि पंचायत स्तर पर इस कार्य के लिए किसी प्रकार का सहमति प्रमाण पत्र जारी कर निजी व्यक्तियों को लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और सरकारी निस्तार/घास भूमि पर किए जा रहे अवैध कब्जे एवं प्लाटिंग को तत्काल रोका जाए।

### जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी

सरकारी नहर को पाटकर रास्ता बनाए जाने की जानकारी अभी मेरे संज्ञान में नहीं आई है। यदि ऐसा कोई मामला है तो इसकी जांच कराई जाएगी। जांच में यदि सरकारी नहर या जमीन को नुकसान पहुँचाने की बात सामने आती है तो संबंधित लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**-बाबूलाल कुर्रे**, धरसींवा तहसीलदार

## पीसीसी चीफ दीपक बैज का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा नेवरा

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज का तिल्दा नेवरा दीनदयाल चौक पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। वे कांग्रेसी नेता राहुल तेजवानी के शादी समारोह में शामिल होने आए थे ,इस मौके पर तिल्दा शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अजितेश शर्मा के नेतृत्व में चौक पर जोरदार आतिशबाजी की गई ।

कार्यकर्ता दीपक बैज ,सोनिया, राहुल गाँधी भूपेश बघेल जिंदाबाद के नारे लगाते बैज का फूल मालाओ से सवागत रहे ।कार्यकर्ताओं के जोश को देखते हुए पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा यह जोश कार्यकर्ताओं में हमेशा रहे। उन्होंने कहा कि मेरा जो यहां ऐतिहासिक



स्वागत किया गया है उसके लिए मैं सभी कार्यकर्ता को धन्यवाद देता हूं।

इस अवसर पर कांग्रेस के ओम ठाकुर,देवदास टंडन ,के कृष्णमूर्ति,सुनील सोनी, कैलाश गाँधी ,अनूप रवानी,गोवर्धन यदु, मुरली वर्मा,दिलीप देवांगन, सनद सेन,तोरण जांगड़े ,अनिल सिंह,अनुराग पांडे,अजय चौहान,अजय मारकंडे,छोटू नवरंगे, तरुण अग्रवाल, प्रदीप नामदेव, संतोष यादव, हरी मारखंडे,लक्ष्मी नारायण वर्मा चांपा, पूना राम वर्मा, डिगेश्वर वर्मा, विक्की यादव, विजय चंदवानी, आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# राज्यसभा चुनाव : नाम वापसी आज, निर्विरोध चुनी जाएंगी लक्ष्मी और फूलो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

छत्तीसगढ़ में राज्यसभा की दो सीटों के लिए हो रहे चुनाव में कांग्रेस से फूलोदेवी नेताम और भाजपा से लक्ष्मी वर्मा ने नामांकन दाखिल किया है। वहीं तेलंगाना के विधायक कोंटे सयाना का नामांकन जांच के दौरान निरस्त हो जाने के कारण अब दो ही प्रत्याशी रह गए हैं। ऐसे में सोमवार को नाम वापसी की प्रक्रिया केवल औपचारिकता रह जाएगी। कांग्रेस-भाजपा से दोनों को चुना जाना तय हो गया है। नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद निर्विरोध निर्वाचन संपन्न होगा। राज्यसभा की दो सीटों में विधानसभा में संख्या बल के आधार पर भाजपा और कांग्रेस को एक-एक सीट मिलना तय है।



**निर्दलीय प्रत्याशी का नामांकन जांच के दौरान निरस्त**



### विधानसभा में दलीय स्थिति

छत्तीसगढ़ विधानसभा में कुल 90 सदस्य हैं। वर्तमान में भाजपा के 54, कांग्रेस के 35 और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी का एक विधायक है। राज्यसभा चुनाव के तय फार्मूले के अनुसार जीत के लिए किसी भी उम्मीदवार को जीत सुनिश्चित करने के लिए न्यूनतम 31 प्रथम वरीयता मतों की आवश्यकता होगी। संख्या बल को देखते हुए दोनों प्रमुख दलों को एक-एक सीट मिलना तय है।

## खबर संक्षेप

### लक्ष्मी वर्मा को राज्यसभा उम्मीदवार बनाने पर हर्ष

**रायपुर।** भाजपा नेता व पूर्व पार्षद रमेश आहूजा ने लक्ष्मी वर्मा को भाजपा द्वारा राज्यसभा उम्मीद्वार बनाने का स्वागत करते हुए हर्ष जताया। श्री आहूजा ने कहा कि लक्ष्मी वर्मा उनके साथ नगर निगम रायपुर में पार्षद रह रही हैं। वे मृदुभाषी एवं मिलानसार महिला हैं, लक्ष्मी वर्मा के नाम की घोषणा से महिला कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। श्री आहूजा ने श्रीमती वर्मा को राज्यसभा उम्मीदवार बनाने के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को धन्यवाद दिया। नहरपारा विकास समिति के उपाध्यक्ष सुरेंद्र छाबड़ा एवं महामंत्री किशोर आहूजा ने भी लक्ष्मी वर्मा को बधाई दी।

### महिला एवं बाल विकास मंत्री को दिया आमंत्रण



**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर उत्कल गाड़ा महिला महामंच द्वारा 9 मार्च को महतारी सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम न्यू शांति नगर स्थित विमतारा भवन में होगा। महिला महामंच के पदाधिकारियों ने महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े से भेंट कर महतारी सम्मान समारोह कार्यक्रम में आमंत्रित किया। गाड़ा महिला महामंच की प्रदेश अध्यक्ष सावित्री जगत ने बताया कि कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में संघर्ष कर आगे बढ़ने वाली 101 महिलाओं को "महतारी सम्मान" से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में विशेष रूप से महापौर मीनल चौबे, बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष वर्णिका शर्मा, डीसीपी अर्चना झा सहित प्रेस से जुड़ी महिलाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त करने वाली महिलाओं को आमंत्रित किया गया है।

### मैकेनिक भर्ती परीक्षा में 68 प्रतिशत अनुपस्थित

**रायपुर।** व्यापम द्वारा मुद्रण तथा लेखन सामग्री विभाग के अंतर्गत मैकेनिक कम इलेक्ट्रिशियन, मैकेनिक, सेक्शन होल्डर कलर स्कैनर ऑपरेटर, मल्टीकलर, प्रिंटिंग मशीन ऑपरेटर एवं सहायक सेक्शन होल्डर के रिक्त पदों के लिए लिखित भर्ती परीक्षा रविवार को आयोजित की गई। इसके लिए रायपुर में केवल एक ही केंद्र बनाया गया था। पंजीकृत 311 में से 100 परीक्षार्थी अर्थात 32.15 प्रतिशत उपस्थित रहे।

### नवरंग पब्लिक स्कूल में मनाया महिला दिवस

**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नवरंग पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके अंतर्गत पुरुष शिक्षकों द्वारा ड्रामा प्रस्तुत किया गया, जिसमें नारी शक्ति के सम्मान एवं सशक्तिकरण पर जोर दिया गया। नवरंग पब्लिक स्कूल की शिक्षिकाओं ने भारत के विभिन्न सांस्कृतिक परिधानों में प्रस्तुति दी, जिसने सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने महिलाओं के योगदान की सराहना की। कार्यक्रम में प्रियंवदा लोक कल्याण समिति के अध्यक्ष आदित्य पाण्डेय एवं कोषाध्यक्ष शशिप्रभा पाण्डेय, स्कूल की प्राचार्य संगीता सिन्हा और ड्रीम इंडिया स्कूल के प्राचार्य नेहा तोलवानी, प्रभा तिवारी को सम्मानित किया गया।

## सितंबर से खाली है अध्यक्ष का पद, दो सदस्य होने के कारण परेशानी नहीं

# 22 साल में पहली बार नियामक आयोग में अध्यक्ष न होने के बाद भी नया टैरिफ होगा तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ बिजली नियामक आयोग में नए टैरिफ की प्रक्रिया चल रही है। जनसुनवाई के बाद अब आयोग लेखा-जोखा देख रहा है। इसके बाद नया टैरिफ तय होगा। 22 साल में ऐसा पहली बार होगा जब आयोग में अध्यक्ष न होने के बाद भी टैरिफ का आर्डर जारी किया जाएगा। आयोग में अध्यक्ष का पद बीते साल 19 सितंबर से खाली है। अब तक नए अध्यक्ष की नियुक्ति की प्रक्रिया प्रारंभ नहीं हो सकी है। ऐसे में लग रहा था कि पॉवर कंपनी की याचिका पर फैसला नहीं हो सकेगा और जनसुनवाई भी नहीं हो सकेगी, लेकिन इस संबंध में आयोग के सचिव एसपी शुक्ला का कहना है कि अध्यक्ष न होने से फर्क नहीं पड़ेगा, क्योंकि इस समय आयोग में दो सदस्य हैं। ऐसे में जनसुनवाई भी समय पर की गई और नए टैरिफ पर फैसला भी समय पर हो जाएगा।

पॉवर कंपनी की याचिका पर बीते माह आयोग ने जनसुनवाई की है। पहली बार पॉवर कंपनी के आधा दर्जन क्षेत्रीय कार्यालयों में भी दो दिनों तक जनसुनवाई की गई। इसके बाद आयोग के दफ्तर में दो दिनों तक जनसुनवाई की गई। इसमें जो भी सुझाव आए हैं, उस पर भी आयोग ध्यान देगा।



### 63 सौ करोड़ का घाटा

*पॉवर कंपनी ने नए सत्र 2026-27 के लिए पूरा लेखा-जोखा बनाकर नियामक आयोग में नए टैरिफ के लिए याचिका दायर की है। इस याचिका में बताया गया है कि प्रचलित दर से 26216 करोड़ का राजस्व मिलने की संभावना है। इसी के साथ साल भर का खर्च 25460 करोड़ बताया गया है। ऐसे में 756 करोड़ का फायदा होगा। लेकिन इसी के साथ पिछले सत्रों की अंतर की राशि का उल्लेख करते हुए बताया गया है कि नए सत्र के फायदे को पुराने अंतर की राशि में कम करने के बाद भी 63 सौ करोड़ के राजस्व की और जरूरत होगी। नए सत्र में 26 सौ करोड़ का राजस्व मिलेगा, पुराना घाटा 63 सौ करोड़ है, ऐसे में नए सत्र के लिए कुल 32 हजार पांच सौ करोड़ से ज्यादा के राजस्व की जरूरत बताई गई है। इस जरूरत के हिसाब से ही नया टैरिफ तय करने की मांग रखी गई है।*

### लगेगा महंगी बिजली का झटका

बिजली नियामक आयोग को जो याचिका मिली है, उसकी आयोग ने जनसुनवाई के बाद समीक्षा करना प्रारंभ कर दिया है। इसमें आयोग देखेगा कि वास्तव में कंपनी को कितने राजस्व की जरूरत है। उसका वास्तव में खर्च कितना होगा। इसी के साथ कंपनी ने नए सत्र में जितनी बिजली बिकने की संभावना जताई है, उससे कितनी ज्यादा बिजली बिकेगी और इससे कितना राजस्व मिलेगा। सबसे अहम बात यह है कि कंपनी ने जो अंतर की 63 सौ करोड़ की राशि का उल्लेख किया है, आयोग उस अंतर की राशि में नए सत्र में उसको कितनी राशि लेने की मंजूरी देता है। इसी तय राशि के हिसाब से ही नया टैरिफ तय होगा। जितनी ज्यादा राशि को माना जाएगा, उतने के हिसाब से बिजली महंगी होगी। यह तय है कि महंगी बिजली का झटका लगेगा, यह झटका कितना तगड़ा होगा, यह अंतर की राशि से तय होगा।

# प्रदेश के भाजपा नेता अब विस सत्र के बाद फिर से संभालेंगे असम में मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

असम और बंगाल में अप्रैल में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने प्रदेश के नेताओं को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। प्रदेश के डिप्टी सीएम अरुण साव को जहां असम में 9 विधानसभाओं की जिम्मेदारी दी गई है, वहीं प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी को वहां पर दस विधानसभाओं का जिम्मा मिला है।



केंद्रीय मंत्री तोखन साहू को भी कोकराझार लोकसभा की सभी 9 विधानसभाओं का जिम्मा दिया गया है। इसके अलावा दुर्ग के सांसद विजय बघेल को भी दस विधानसभाओं की कमान सौंपी गई है। ये नेता लगातार असम का दौरा कर रहे हैं। अब प्रदेश में जहां सोमवार से विधानसभा का बजट सत्र फिर से प्रारंभ हो रहा है, वहीं लोकसभा का सत्र भी प्रारंभ होगा। ऐसे में असम में प्रदेश के जिन नेताओं को जिम्मा मिला है, वे अब सत्र के बाद ही फिर से जाकर वहां मोर्चा संभालेंगे। इधर प्रदेश के संगठन महामंत्री पवन साय को बंगाल में 56 विधानसभाओं की जिम्मेदारी दी गई है। वे लगातार वहां पर डटे हुए हैं। प्रदेश के डिप्टी सीएम अरुण साव को असम में 9 विधानसभाओं की जिम्मेदारी दी गई है। वे वहां का लगातार दौरा कर रहे हैं। विधानसभा सत्र के होली के लिए स्थगित होने के बाद तुरंत वे असम चले गए थे। वे वहां पर लगातार अपने जिम्मे वाली विधानसभाओं में जुटे रहे लेकिन अब सत्र के प्रारंभ होने कारण वापस आ गए हैं। दुर्ग के सांसद विजय बघेल को डिब्रूगढ़ लोकसभा की दस विधानसभाओं की जिम्मेदारी दी गई है। वे भी वहां से वापस आ गए हैं। प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी को 10 विधानसभाओं का जिम्मा दिया गया है। वे तो वहां पर होली के समय भी डटे रहे, लेकिन अब विधानसभा के सत्र के प्रारंभ होने के कारण वापस आ गए हैं। केंद्रीय मंत्री तोखन साहू को भी असम में एक लोकसभा की सभी विधानसभाओं का जिम्मा मिला है।

### बंगाल में पवन साय और भूपेंद्र सवन्नी भी

भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय पर बड़ा भरोसा जताते हुए भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने उनको वहां पर 56 विधानसभाओं का जिम्मा दिया है। वे वहां का बीते साल दिसंबर से लगातार दौरा कर रहे हैं। इस समय वे वहां पर डटे हुए हैं। उनकी जिम्मे वाली विधानसभाओं में परिवर्तन यात्राएं चल रही हैं। रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत को दुर्गापुर लोकसभा की सात विधानसभाओं का जिम्मा मिला है। वे भी विधानसभा का सत्र स्थगित होते ही बंगाल चले गए थे। वे होली के लिए वापस आए हैं। वे भी जल्द एक बार फिर से वापस जाएंगे। इसके पहले उनके क्षेत्र में उनके साथ सहयोगी के रूप में भूपेंद्र सवन्नी को भी जिम्मा दिया गया है।

# कांग्रेस ने महिला पत्रकारों को दिया 'कलम वीरांगना सम्मान'

**कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में महिला दिवस पर आयोजन**




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मीडिया के क्षेत्र में कार्यरत महिला पत्रकारों का सम्मान कार्यक्रम कांग्रेस संचार विभाग ने आयोजित किया।

इस दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, राज्यसभा सदस्य फूलोदेवी नेताम, पूर्व मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने शॉल एवं मोमेंटो भेंट कर महिला पत्रकारों का सम्मान किया। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, मीडिया के क्षेत्र में इतनी बड़ी



संख्या में महिलाओं को काम करते हुए देखकर सुखद अनुभूति होती है। पहले प्रिंट मीडिया में पूरे रायपुर में तीन-चार महिला पत्रकार ही दिखती थीं।

यह बड़ी उपलब्धि है कि आज रिपोर्टिंग और एंकरिंग दोनों ही क्षेत्रों में महिलाओं ने अपनी जगह बनाई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, पत्रकारिता के क्षेत्र में काम करना महिलाओं के लिये बड़ी चुनौती है आप सब इस चुनौती को बखूबी निभा रही हैं। आम सबको सम्मानित करके हमें खुशी हो रही है।

### महिलाओं का हमेशा सम्मान करती है कांग्रेस

राज्यसभा सदस्य फूलोदेवी नेताम ने कहा, महिला दिवस पर महिला पत्रकारों के सम्मान की यह परंपरा केवल छत्तीसगढ़ में देखने को मिलती है। कांग्रेस पार्टी हमेशा से महिलाओं का सम्मान करती है। प्रदेश कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, आप सबका सम्मान ग्रहण करने आना कांग्रेस के लिए बड़ी उपलब्धि है। महिला पत्रकार बहनें समाज में नारी सशक्तिकरण का बड़ा उदाहरण हैं।

**छत्तीसगढ़ में अफीम खेती पर सियासत तेज**

# नशे के कारोबार के लिए सरकार जिम्मेदार कांग्रेस ने कहा- गृहमंत्री को करें बर्खास्त




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस नेताओं ने प्रदेश में बढ़ते नशे के कारोबार के लिए सरकार को जिम्मेदार ठहराया। कांग्रेस ने गृहमंत्री विजय शर्मा को तत्काल बर्खास्त करने और मामले में कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। कांग्रेस भवन में संवाददाताओं से चर्चा में जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने कहा, भाजपा सरकार अपने दो साल के कार्यकाल में प्रदेश की युवा पीढ़ी को नशे की ओर धकेल रही है, जिससे अपराध का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा, सरकार के संरक्षण में मादक पदार्थ और शराब की खुलेआम बिक्री हो रही है। दुर्ग जिले में यदि कोई भाजपा नेता खुलेआम अफीम की खेती कर रहा है तो यह सरकार की जानकारी के बिना संभव नहीं है। विनायक ताम्रकार का मुख्यमंत्री और मंत्रियों के निवास में लगातार आना-जाना रहा है, इसलिए यह पूरा मामला सरकार के संरक्षण में होने का संदेह पैदा करता है।

### गृहमंत्री को बर्खास्त किया जाए

रायपुर जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने कहा, प्रदेश में कानून व्यवस्था लगातार बिगड़ रही है और युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त में जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि गृहमंत्री विजय शर्मा ने अपने दो साल के कार्यकाल में अवैध मादक पदार्थों की बिक्री रोकने के लिए गंभीर प्रयास नहीं किए। कांग्रेस ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से गृहमंत्री को तत्काल बर्खास्त करने की मांग की है।

### नशे के कारण युवाओं का भविष्य खतरे में

पूर्व महापौर प्रमोद दुबे ने कहा, पिछले दो वर्षों में शराब, गांजा, अफीम और हेरोइन का कारोबार तेजी से बढ़ा है। सत्तापक्ष के कुछ लोग चंद पैसों की लालच में इस अवैध कारोबार को रोकने के बजाय उसे संरक्षण दे रहे हैं, जिससे प्रदेश की युवा पीढ़ी का भविष्य खतरे में पड़ रहा है।

### महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की समस्या भी उठाई

पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा ने कहा, भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। किसानों को धान बेचने में परेशानी हो रही है, महिलाएं बढ़ती महंगाई और गैस सिलेंडर की कीमतों से परेशान हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव के समय 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने का वादा करने वाली सरकार अब 1000 रुपए में सिलेंडर बेच रही है, जिससे आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है।

### अब तक नारकोटिक्स के 2599 मामले

पूर्व जिला अध्यक्ष पंकज शर्मा ने कहा, भाजपा सरकार के कार्यकाल के पिछले 13 महीनों में नारकोटिक्स से जुड़े 2599 मामले दर्ज हुए हैं। इनमें से अधिकांश मामले सोशल मीडिया के जरिए उजागर होने के बाद दर्ज किए गए। उन्होंने कहा, प्रशासन और इंटेलिजेंस अपनी जिम्मेदारी निभाने के बजाय निष्क्रिय बना रहा, जिससे अवैध नशे का कारोबार बढ़ता गया।

## होली अवकाश के बाद आज से फिर शुरू होगी विस की कार्यवाही

# अफीम की खेती मामले में स्थगन लाएगी कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




होली अवकाश के बाद छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र सोमवार से फिर शुरू होने जा रहा है। संभावना है कि विपक्षी दल कांग्रेस दुर्ग जिले में सामने आए अफीम खेती के मामले को सदन में जोरदार तरीके से उठा सकती है।

बजट सत्र की आगे की कार्यवाही सोमवार से प्रारंभ होगी। प्रश्नकाल में खाद्य तथा महिला एवं बाल विकास व समाज कल्याण विभाग से जुड़े सवाल पूछे जाएंगे। धान खरीदी से जुड़े मुद्दों पर भी विपक्षी कांग्रेस सरकार को घेरने की रणनीति बना रही है। बताया जाता है कि कांग्रेस सदस्य अफीम कांड को लेकर काम रोको प्रस्ताव लाकर सदन में विस्तृत चर्चा की मांग कर सकते हैं। दुर्ग जिले के समोदा गांव में भाजपा नेता विनायक ताम्रकार को अफीम की खेती के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मौके से करीब 10 करोड़ रुपए मूल्य की अफीम के पौधे बरामद किए हैं। भूपेश बघेल पहले ही कह चुके हैं कि इस मामले को विधानसभा में प्रमुखता से उठाया जाएगा।

### आज से विभागवार अनुदान मांगों पर चर्चा

बताया गया कि 10 दिनों की कार्यवाही में सरकार चालू वित्तीय वर्ष के खर्च के लिए विनियोग और धर्मांतरण विधेयक भी पेश करेगी। 23 फरवरी से शुरू हुए सत्र के पहले सप्ताह में सरकार ने दूसरे ही दिन बजट पेश किया था। बजट पर कल से मंत्रियों की विभागवार अनुदान मांगों पर चर्चा और पारित करने का सिलसिला शुरू होगा।

### भाजपा बोली- अफीम की खेती कांग्रेस सरकार के संरक्षण में हुई थी शुरू




भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विजय शंकर मिश्रा, नलिनेश ठोकने, शिव नारायण पांडेय और भाजपा के प्रदेश मंत्री अमित साहू ने अफीम की खेती के मामले में कहा, इसकी खेती कांग्रेस सरकार के संरक्षण में शुरू थी। भाजपा सरकार में इस मामले की जानकारी आने पर इस पर तत्काल कार्रवाई की गई है। भाजपा नेताओं ने सवाल खड़े करते हुए कहा, संपूर्ण कार्रवाई कर दी गई थी, उसके दूसरे दिन पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कांग्रेस नेताओं के साथ अफीम के खेत में क्यों गए? भाजपा नेताओं ने कहा, एक वायरल वीडियो में अफीम के फूल की चोरी और बेचने की जो बातें सामने आ रही हैं। अब कांग्रेस को पहले इसका जवाब देना चाहिए। इस पूरे मामले में कांग्रेस केवल अपनी राजनीति चमकाने का प्रयास कर रही है, जबकि राज्य की विष्णुदेव साय की सरकार ने मामला सामने आते ही एक घंटे के भीतर कारवाई की, जो राज्य सरकार की सजगता और गंभीरता को दर्शाता है। दूसरी ओर प्रदेश भाजपा संगठन ने भी पूर्व भाजपा नेता को पार्टी से निलंबित कर दिया और संदेश दिया कि भाजपा की सदयस्ता लेकर ऐसे कृत्य करने वाले भी नहीं बच पाएंगे।



# छत्तीसगढ़ में पीएम स्वनिधि योजना नहीं भायी स्ट्रीट वेंडरों को, पांच साल में लक्ष्य आधा भी हासिल नहीं

## सरकार देती है 15 से 50 हजार तक का ऋण, आवेदन घटे, कर्ज वितरण भी कम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना के संचालन के पांच साल पूरे हो गए हैं, लेकिन राज्य में यह योजना अब तक कोई खास मुकाम हासिल नहीं कर पाई है। हालांकि योजना अभी चार साल और चलने वाली है, लेकिन बड़ा सवाल ये है कि शुरुआती पांच साल में योजना लक्ष्य से काफी पीछे यानी लक्ष्य के मुकाबले आधे से भी कम में चल रही है।

### ये है पीएम स्वनिधि योजना

प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना आम नागरिकों को आवश्यक सेवायें तथा वस्तुओं की आपूर्ति में पथ विक्रेताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है, पथ विक्रेता अथवा रेहड़ी वाले शहर की सड़कों, फुटपाथ एवं बाजार विशेष में विक्रय गतिविधियों के माध्यम से आजीविका का निर्वहन कर रहे हैं, इन पथ विक्रेताओं को ऋण अदायगी की शर्तों पर 15 से 50 हजार तक की कार्यशील पूंजी ऋण सहायता बैंकों के माध्यम से प्रदान कराने के लिए भारत सरकार, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा वित्त पोषित, प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना का संचालन नगरीय निकायों में किया जा रहा है।

### ये है योजना का उद्देश्य

स्ट्रीट वेंडरों को इस योजना के माध्यम से 15 से 50 हजार तक की कार्यशील पूंजी ऋण की सहायता के रूप में दी जाती है। योजना का उद्देश्य ये है कि यूपीआई लिंक क्रेडिट कार्ड तक पहुंच हो, नियमित भुगतान को प्रोत्साहित करने के साथ ही डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देना शामिल है। जून 2020 में लागू यह योजना मार्च 2030 तक के लिए प्रभावी है।



### कौन हो सकता है योजना का लाभार्थी

केंद्र सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के लिए कौन लाभार्थी हो सकता है, इसमें ऐसे पथ विक्रेता, जिनके पास नगरीय निकाय द्वारा जारी पहचान पत्र या वेंडिंग सर्टिफिकेट हो अथवा अनुशंसा पत्र (एलओआर) होना चाहिए। इस योजना के लिए सभी बैंक एवं वित्तीय संस्थान ऋण प्रदाता हैं, आवेदन के लिए आवश्यक दस्तावेज वेंडर्स आईडी अथवा एलओआर, 2 पासपोर्ट साईज फोटो तथा बैंक विवरण हेतु पासबुक की छायाप्रति लगेगी। आवेदन प्रक्रिया ये है कि पथ विक्रेता स्वयं या नगरीय निकाय अथवा सीएससी के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। योजना में ऑनलाइन आवेदन से लेकर ऋण वितरण की संपूर्ण प्रक्रिया स्वनिधि उद्यमिता मित्र पोर्टल के माध्यम से संपन्न होती है।

### ये है योजना के क्रियान्वयन का हाल

अब अगर बात की जाए तो 2020 में योजना प्रारंभ होने से लेकर अब तक क्रियान्वयन की क्या स्थिति बनी है। इस योजना के लिए जून 2020 से लेकर 15 जनवरी 2026 की अवधि में लक्ष्य 2 लाख 26 हजार 220 को लाभान्वित करने का था, लेकिन योजना के लिए पात्र लोगों के आवेदन 1 लाख 29 हजार 570 ही आए। इनमें से 8 हजार 124 आवेदनों को बैंकों ने ही वापस कर दिया। इस तरह बचे कुल 1 लाख 21 हजार 446 आवेदन। इनमें से जिन आवेदनों को स्वीकृत किया गया, उनकी संख्या घटकर 1 लाख 774 रह गई। विभाग का दावा है कि लंबित प्रकरणों की संख्या स्वीकृति, और वापस आवेदनों को छोड़कर वितरण संख्या 3 हजार 546 रही। इसे प्रगति के रूप में 44.55 प्रतिशत बताया गया है। सभी ऋण वितरण के लिए वितरित की गई राशि 227.80 करोड़ तक पंहुची। इसके बाद पुनर्गठित पीए स्वनिधि योजना भी लाई गई। इसमें सितंबर 2025 से लेकर 15 जनवरी 2026 की स्थिति देखिए। इस अवधि में पात्र आवेदन 20 हजार 272 रहे। इनमें से 10 हजार 704 को स्वीकृति दी गई। इनमें से 8 हजार 795 को ऋण मिला है।

## निधन

### अतुल चौहान



रायपुर। डगनिया निवासी मराठा समाज के वरिष्ठ सदस्य अतुल चौहान (55) का 8 मार्च को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 9 मार्च को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे स्व. मनोहर राव चौहान के पुत्र और सेजल, आदेश के पिता एवं प्रखर, प्रणय चौहान के चाचा थे।

### सुनंदा बेडेकर



रायपुर। गायत्री नगर निवासी सेवानिवृत्त शिक्षिका सुनंदा बेडेकर का 8 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे अमित बेडेकर, रश्मि की माता थीं।

### प्रकाश दुबे



रायपुर। ब्राह्मण पारा, डगनिया तालाब निवासी प्रकाश दुबे (59) का 8 मार्च को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 9 मार्च को सुबह 10 बजे निवास स्थान से महादेवघाट श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे संतोष, विनोद, अनिल के भाई एवं शुभम दुबे के पिता थे।

## मार्च के अंतिम सप्ताह में अपने कार्यकाल का दूसरा बजट पेश करेंगी महापौर मीनल चौबे

# नगर निगम के बजट के लिए पार्षदों ने दिए थोक में सुझाव, 12 बिंदुओं पर रहेगा फोकस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

महापौर मीनल चौबे मार्च माह के अंतिम सप्ताह में अपने कार्यकाल का दूसरा निगम बजट प्रस्तुत कर सकती हैं। उनका मुख्य फोकस 12 बिंदुओं पर राज्य शासन द्वारा शहर हित में की गई घोषणाओं पर अमल करने पर रहेगा। जनता की मूलभूत जरूरतों पर आधारित इस निगम बजट में रायपुर शहर के बढ़ते विस्तार को देखते हुए 2050 तक की अनुमानित आबादी के लिए पीने का शुद्ध पानी उपलब्ध कराने 150 एमएलडी के नए जलशोधन संयंत्र की डूंडा में स्थापना का प्रस्ताव शामिल है।

वहीं शहर के 45 पानी टंकियों के आउटलेट पाइपलाइन में डबल वॉल्व स्थापित कर पेयजल के अपव्यय को रोकना रहेगा। निगम बजट में शहर के आधारभूत ढांचों को मजबूत बनाने, नागरिक सुविधाओं का विस्तार और यातायात सुधारने की व्यवस्था पर केंद्रित रहेगा। महापौर मीनल चौबे ने कहा है कि रायपुर नगर निगम के सभी 70 वार्ड पार्षदों से उन्होंने निगम बजट को लेकर सुझाव मंगाए हैं। नवनिर्वाचित पार्षदों, जोन अध्यक्ष और एमआईसी सदस्यों ने उत्साह के साथ निगम बजट के लिए अपने सुझाव भेजे हैं। सोमवार तक सुझाव भेजने समय दिया गया है, इसके बाद वे इसकी समीक्षा कर निगम बजट को लेकर विभाग अध्यक्षों, निगम अधिकारियों से चर्चा करेंगी। महापौर मीनल चौबे ने निगम बजट को लेकर कहा है, इसमें लोकलुभावन वादों की जगह हम उन्हीं बातों का समावेश अपने बजट में करेंगे, जिन्हें अमल में लाया जा सके। जो कहेंगे, वही करके दिखाएंगे।

## निगम बजट पर महापौर के पास इनके आए सुझाव

### साधना-प्रमोद साहू- जोन अध्यक्ष जोन क्रमांक 3

- पुरानी खुली नालियों और बड़े नालों को कवर्ड कर शहरभर में भूमिगत नाली का निर्माण करने परियोजना बनाकर राज्य शासन को भेजा जाए
- शहर के अंदर यातायात सुगम करने सड़क किनारे अवैध कब्जा पर सख्ती से कार्रवाई के लिए एक अलग टीम गठन हो, बजट में इसका प्रावधान कर नियमित कार्यवाही का सुझाव
- शहर के चारों ओर प्रमुख राजमार्ग से प्रमुख शहरों दुर्ग, बिलासपुर, बलौदाबाजार, आरंग, महासमुंद, धमतरी को जोड़ते हुए फ्लाईओवर निर्माण किया जाए। इसके लिए विस्तृत परियोजना बनाकर राज्य व केंद्र सरकार को भेजा जाए।
- पंडरी स्थित प्रगति मैदान को व्यावसायिक खेल मैदान के रूप से सुव्यवस्थित कर सर्व सुविधायुक्त बनाने बजट में प्रावधान का सुझाव।



### अजय साहू पार्षद- ब्राह्मणपारा वार्ड

0 सभी जोन में सेंट्रल लाइब्रेरी का निर्माण हो।
0 मच्छरों से त्रस्त राजधानवासियों को इससे राहत दिलाने 70 वार्डों में प्रतिदिन एंटी लार्वा और फॉगिंग, सफाई ठेका में अनिवार्य हो।
0 वार्ड के अंदर प्रमुख चौक-चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं।
0 शहर में फल व सब्जी बाजार सड़क पर न हो, इसके लिए एक निश्चित स्थान तय किया जाए।

### डॉ. अनामिका सिंह एमआईसी मेंबर

शहर के ड्रेनेज सिस्टम को पूरी तरह अंडरग्राउंड किया जाए, स्ट्रीट पोल में खुले में गुच्छों के रूप में हादसों को आमंत्रित कर रहे बिजली के तारों को भूमिगत करने कार्ययोजना बनाकर शहर को सुंदर बनाने का सुझाव।

लो प्रेशर वाले रहवासी क्षेत्रों में पुरानी पाइपलाइन बदलकर नई पाइपलाइन बिछाने और नाली के ऊपर से गुजरी पाइपलाइन के सुरक्षित जगहों पर शिफ्टिंग हो।

### संतोष-सीमा साहू जलकार्य विभाग अध्यक्ष

आउटर के क्षेत्रों में तेजी से बढ़ रही बसाहट के लिए 150 एमएलडी का नया फिल्टर प्लांट स्थापित हो, ताकि पेयजल कमी वाले क्षेत्रों में करीब 16 टंकियों से कनेक्टिविटी कर पर्याप्त जल प्रदान किया जा सके।

शहर के सभी पानी टंकियों के इनलेट और आउटलेट पाइपलाइन में स्कॉडा मॉनिटरिंग सिस्टम को प्रभावी बनाया जाए, ताकि मेनुवल आपरेशन की जरूरत न हो और पानी टंकियों के जलभराव की मात्रा नियंत्रित की जा सके।

पानी के फिजूलखर्ची रोकने और पानी चोरी तथा अवैध नल कनेक्शन पर नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाया जाए, स्मार्ट मीटर से मॉनिटरिंग संबंधी सुझाव।

### आकाश तिवारी - नेता प्रतिपक्ष व पार्षद पं. रविशंकर शुक्ल वार्ड

0 शहर के सभी श्मशानघाट में गोकाष्ठ का उपयोग सुनिश्चित किया जाए, गरीबी रेखा से नीचे गुजर-बसर करने वालों को अंतिम संस्कार के लिए निशुल्क गोकाष्ठ उपलब्ध हो।
0 रिंगरोड नंबर-1 पर मठपुरैना, कुशालपुर, भाठागांव में फुट ओवरब्रिज निर्माण करने संबंधी सुझाव।

### राजेश गुप्ता- पार्षद, शंकर नगर वार्ड

0 पेड़ों की छंटाई के लिए टॉवर गाड़ी उपलब्ध कराई जाए
0 पेड़-पौधों के सही रखरखाव के लिए कीटनाशक और खाद की जरूरत को ध्यान में रखते हुए बजट में प्रावधान हो।
0 शहरभर में लगाए गए पेड़-पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री-गार्ड के लिए निगम बजट में प्रावधान किया जाए।

### भोलाराम साहू अध्यक्ष पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग

रायपुर नगर निगम के हर वार्ड में एक वार्ड एक थीम गार्डन, यानी हर वार्ड में विशेष पहचान वाला गार्डन विकसित करने सुझाव। जिसमें बाल उद्यान, महिला उद्यान, योग उद्यान, वरिष्ठ नागरिक उद्यान थीम शामिल हो।

रायपुर में जैवविविधता पार्क विकसित किया जाए, जिसमें नेचर ट्रेल, पर्यावरण की शिक्षा सुविधा हो।

महिला समूहों को उद्यान रखरखाव, नर्सरी संचालन और जैविक खाद उत्पादन से जोड़ा जाए।

बगीचों में सोलर लाइटिंग, ड्रिप सिंचाई, वर्षा जल संचयन और सीसीटीवी कैमरे से निगरानी संबंधी सुझाव

### आशु चंद्रवंशी पार्षद, पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड

सफाई व्यवस्था के लिए पर्याप्त बजट होने के बाद भी व्यवस्था नहीं सुधर रही, इसके लिए सफाई मद की समीक्षा अनिवार्य रूप से नियमित की जाए।

## मेकाहारा में मनाया होली मिलन समारोह



रायपुर। राज्य के सबसे बड़े हास्पिटल डॉ. आंबेडकर अस्पताल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अस्पताल अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने कहा, हमारे कर्मचारी-अधिकारी अपने काम के प्रति समर्पित हैं, जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण होली पर्व पर 24 घंटे अस्पताल में ड्यूटी देना है। धोबी समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने कहा, हमारा अस्पताल परिवार टीम भावना से काम कर रहा है, जिसका श्रेय कुशल प्रबंधन को जाता है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सहायक अधीक्षक डॉ. अनिल बघेल, दिनेश कडरभूजे, लांड्री प्रभारी स्मृति सिंह, वरुण, अजय, अभय निर्मलकर, हरि साहू, रज्जू, शत्रुघ्न निषाद, सत्यम पम्मू वर्मा, राजेश वैष्णव, जगजीवन जोगी, नवनीत ध्रुव, अनिल पुरेना, लव साहू, पिंटू, चिंटू यादव सहित अनेक कर्मचारी उपस्थित रहे।

## महिला दिवस पर प्रदान की पार्टी सदस्यता



रायपुर। आज 'अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस' के अवसर पर 'आम आदमी पार्टी' द्वारा प्रदेश के विभिन्न जिलों में उत्साहपूर्वक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नारी शक्तियों ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। रायपुर सहित भिलाई, दुर्ग और अन्य जिलों में आयोजित इन कार्यक्रमों में महिलाओं की उपस्थिति रही। पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों की मौजूदगी में समाज के विभिन्न वर्गों से आई महिलाओं को पार्टी की टोपी और पटका पहनाकर सदस्यता दिलाई गई।

:: आम सूचना ::

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता श्री आकाश तिवारी पिता श्री राम कुमार तिवारी निवासी ओ ए के विला नं. 154, विला कैंपस, सफायर ग्रीन विधान सभा रोड, एमजीएम आई हास्पीटल के पास, आमासिवनी रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) वाले की स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि जो वाके मौजा बरतोरी, प.ह.नं. 36, रा.नि.मं. बंगोली तहसील खरोरा जिला रायपुर (छ.ग.) जिसका ख.नं. 17/1, रकबा 0.1090 हे., ख.नं. 17/2, रकबा 0.1050 हे., ख.नं. 19/1, रकबा 0.0360 हे. कुल खसरा 03, कुल रकबा 0.2500 हेक्टेयर भूमि है उक्त भूमि को क्रय करने का सौदा कर अग्रिम राशि अदा कर दिया गया है अब केवल विक्रय विलेख (रजिस्ट्री) पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त सौदे एवं संव्यवहार के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था बैंक, निगम शासकीय एवं अर्द्धशासकीय निकाय, बोर्ड प्राधिकरण, निगम आदि को किसी भी प्रकार की उजर, दावा, आपत्ति हो अथवा उक्त संपत्ति या उसके किसी भी भाग पर किसी प्रकार का स्वत्व, हक, अधिकार या भार हो तो वे इस आम सूचना प्रकाशन के दिनांक से 07 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति लिखित सुसंगत दस्तावेजो के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत करे एवं आम सूचना का खंडन किसी भी दैनिक समाचार पत्र मे स्वीकार नही किया जायेगा। सो सूचना जाने।

स्थान- रायपुर दिनांक 08.02.2026

भवदीय
एम.के. कर्मकार अधिवक्ता
पता- सेक्टर 04, कमल विहार लार्ड सिटी के पास, रायपुर छ.ग.
मो.नं. 70004 22624

## जोन दफ्तर के परिसर में महिला सफाई कर्मियों और स्वच्छता दीदियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



नगर निगम जोन-8 के महोबा बाजार स्थित जोन कार्यालय परिसर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग की ओर से महिला सफाई कर्मचारियों और स्वच्छता दीदियों को उनकी सेवा के लिए सम्मानित किया गया।

स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष गायत्री चंद्राकर ने जोन-8 कमिश्नर राजेश्वरी पटेल सहित 50 महिला सफाई कर्मचारियों की सेवाओं को सराहते हुए उन्हें और स्वच्छता दीदियों को मंच से सम्मानित किया। महिला स्वसहायता समूह की स्वच्छता दीदियों ने जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल का अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मान करते हुए उन्हें इस मौके पर बधाई दी। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में जोन स्वास्थ्य अधिकारी गोपीचंद देवांगन, स्वच्छता निरीक्षक रितेश झा समेत अन्य की उपस्थिति रही।

- स्वास्थ्य विभाग की ओर से किया गया सम्मानित
- स्वच्छता दीदियों ने जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल का किया सम्मान

## जनजातीय समाज के उत्थान के लिए समर्पित रहा जूदेवजी का जीवन



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भूतपूर्व लोकसभा सांसद स्व. दिलीप सिंह जूदेव की जयंती के अवसर पर आज राजधानी रायपुर के मुख्यमंत्री निवास परिसर में उनके छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्व. दिलीप सिंह जूदेव के दीर्घ सामाजिक-राजनीतिक जीवन और समाज के प्रति उनके उल्लेखनीय योगदानों को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा, स्व. जूदेवजी का संपूर्ण जीवन समाजसेवा, जनकल्याण और विशेष रूप से जनजातीय समाज के उत्थान के लिए समर्पित रहा। उन्होंने निस्वार्थ भाव से समाज के कमजोर और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए निरंतर कार्य किया। मुख्यमंत्री ने कहा, उनके विचार, उनके आदर्श और सेवा का भाव आज भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज और प्रदेश के विकास के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए।

### वनांचल क्षेत्रों में जागरूकता को दी मजबूती

मुख्यमंत्री ने कहा, वनांचल क्षेत्रों में आदिवासी समाज की पहचान, स्वाभिमान और सामाजिक जागरूकता को मजबूत करने में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उनके प्रयासों से जनजातीय समाज में आत्मगौरव की भावना सशक्त हुई और समाज में सकारात्मक चेतना का संचार हुआ। इस अवसर पर विधायक गोमती साय, रायमुनि भगत, प्रबल प्रताप सिंह जूदेव समेत अन्य उपस्थित थे।

## पेज 13 के शेष ...

### सेवारत शिक्षकों के लिए ...

है।उन्होंने टेट देने वाले सहायक शिक्षक व शिक्षकों की संख्या, टेट उत्तीर्ण नहीं होने पर शिक्षक संवर्ग पर दुष्प्रभाव सहित अन्य चीजों को लेकर अपनी स्थिति स्पष्ट की। उच्च अधिकारियों द्वारा इस संदर्भ में संघ से प्रस्ताव मांगा गया है, जिसकी तैयारी उनके द्वारा की जा रही है।

### राजधानी प्रदेश में सर्वाधिक ...

कम है। यहां देर रात और तड़के अब भी हल्के ठंड का अहसास हो रहा है। रायपुर के आउटर में तापमान अपेक्षाकृत कम है। माना में अधिकतम तापमान 36.6 डिग्री और न्यूनतम तापमान 20.9 डिग्री दर्ज हुआ। बिहार से झारखंड होते हुए दक्षिण छग तक समुद्र तल से 0.9 किमी ऊपर तक एक द्रोणिका बनी हुई है। प्रदेश में अगले तीन दिनों तक अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। इस अवधि में मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

### संचालनालय ने जारी किए...

अस्पताल सहित सभी स्वास्थ्य संस्थानों में गर्मी से होने वाली बीमारियों के प्रबंधन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। जारी निर्देशों के अनुसार जिला अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में हीट स्ट्रोक प्रबंधन कक्ष सक्रिय रखे जाएंगे। इन केंद्रों में पर्याप्त मात्रा में ओआरएस, आईवी फ्लूड, आवश्यक जीवन रक्षक दवाइयों तथा शीतलन संबंधी व्यवस्थाएं उपलब्ध रखने को कहा गया है, ताकि गर्मी से प्रभावित मरीजों को तत्काल उपचार मिल सके। समुचित सुविधाओं से युक्त ऊष्मा आघात कक्ष रायपुर और दुर्ग जिला अस्पताल में बनाए जा चुके हैं।

### गांजे के अवैध कारोबार पर ...

अभियान में अब तक 17 प्रकरण बनाकर 36 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के पास से 191.142 किलो यानी दो लाख से अधिक का गांजा, 2 चारपहिया वाहन, एक बाइक के अलावा 9 नग मोबाइल कुल 1 करोड़, 8 लाख 74 हजार 900 रुपए कीमत का सामान जब्त किया गया है।

### कम नहीं हो रहा सूखे नशे का ..

तो उसके पास पीले रंग के थैले में नशीली टेबलेट की 14 स्ट्रिप यानी कुल 140 टेबलेट मिलीं। दवा की कीमत 14 हजार रुपए आंकी गई है। पूछताछ के दौरान आरोपी दवा के संबंध में किसी तरह का दस्तावेज पेश नहीं कर पाया। इस आधार पर उसके खिलाफ धारा 21(ब) 29 एनडीपीएस एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई है।

### पुलिस की 'पिंक पेट्रोल यूनिट'...

ड़ी आपातकालीन कॉल प्राप्त कर तत्काल संबंधित डीसीपी जोन की पिंक पेट्रोलिंग टीम को सूचना देगी, जिस पर पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंचकर आवश्यक सहायता प्रदान करेगी। पिंक पेट्रोलिंग टीम रायपुर पुलिस कमिश्नरेट के अंतर्गत कार्य करेगी तथा इसे तीन डीसीपी जोन के अनुसार तैनात किया गया है। प्रत्येक जोन में एक पिंक पेट्रोलिंग टीम नियमित रूप से पेट्रोलिंग करेगी। पिंक पेट्रोलिंग टीम विशेष रूप से कामकाजी महिलाओं एवं छात्राओं की सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करेगी। आवश्यकता होने पर मौके पर ही काउंसिलिंग एवं सहायता प्रदान की जाएगी तथा हॉस्टल एवं पीजी में रहने वाली महिलाओं से सतत संपर्क बनाए रखा जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर संबंधित महिला हेल्पडेस्क अथवा महिला थाना से समन्वय स्थापित कर उचित वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

## बिजनेस साइट

## ऑल कैप एक्टिव एफओएफ एक फंड, सभी मार्केट कैप के लिए



संयम अग्रवाल
संयम अग्रवाल इन्वेस्टमेंट सर्विसेज, रायपुर

रायपुर। एक आम भारतीय इक्विटी निवेशक अक्सर म्यूचुअल फंड का ऐसा पोर्टफोलियो रखता है, जिसमें फंड की संख्या दोहरे अंकों में होती है। ऐसा क्यों है? बहुत सारे फंड विकल्प एक संभावित वजह है। और लगातार जीतने वालों के पीछे भागने की आदत दूसरी वजह है।

इक्विटी फंड चुनते समय, निवेशक को लार्ज कैप, मिड कैप, स्मॉल कैप, मल्टी कैप, फ्लेक्सी कैप, फोकस्ड फंड और भी बहुत कुछ में से चुनना होता है। इतने सारे ऑप्शन को देखते हुए, कई निवेशक अक्सर एक ही तरीके से समर्पित होने से बचने के लिए कई फंड रख लेते हैं। इसके अलावा, किसी भी समय, मौजूदा बाजार हालात के आधार पर, इनमें से कुछ कैटेगरी दूसरों की तुलना में बेहतर परफॉर्म कर रही होती हैं, जिससे निवेशक उन सेगमेंट में फंड जोड़ने के लिए प्रेरित होते हैं जो अभी अच्छा परफॉर्म कर रहे हैं। समय के साथ, इस परफॉर्मेंस के पीछे भागने से पोर्टफोलियो अव्यवस्थित और अकुशल या गैर-प्रभावी हो जाता है।

पोर्टफोलियो में बहुत सारे फंड रखने से न केवल इसे ट्रैक और मैनेज करना मुश्किल हो जाता है, बल्कि पोर्टफोलियो रिटर्न भी कम हो सकता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि बहुत ज्यादा डाइवर्सिफिकेशन से अक्सर स्कीमों में होल्डिंग्स में दोहराव हो जाता है, जिससे सही समय पर सही थीम पर फायदा उठाने की पोर्टफोलियो की क्षमता कम हो जाती है। रिटर्न बढ़ाने के बजाय, इससे सब-पार या औसत पोर्टफोलियो नतीजे मिल सकते हैं।

जिन निवेशकों के पोर्टफोलियो में भीड़ है, वे अपने निवेश में से भीड़भाड़ को कम करने और कंसोलिडेट करने के बारे में सोच सकते हैं। ऐसा करने का एक तरीका है फंड ऑफ फंड्स में निवेश करना जो लार्ज, मिड और स्मॉल कैप सेगमेंट में एक्टिव रूप से मैनेज्ड इक्विटी स्कीमों में निवेश करता है। ये फंड एक वन-स्टॉप इक्विटी समाधान हो सकते हैं जो अलग-अलग मार्केट सेगमेंट के संबंधित आकर्षण के आधार पर अंडरलाइंग इक्विटी फंडों में निवेश करते हैं। इस तरह का अप्रोच पोर्टफोलियो मैनेजमेंट को आसान बना सकता है क्योंकि निवेशकों को कई स्कीमों के बजाय सिर्फ एक एनएवी को ही ट्रैक करना होगा। साथ ही, यह एक ही फंड के जरिए काफी डाइवर्सिफिकेशन देगा और लंबे समय में पोर्टफोलियो नतीजों को बेहतर बना सकता है।

इस सोच पर विचार करने वाले इन्वेस्टर्स को आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल डाइवर्सिफाइड इक्विटी ऑल कैप एक्टिव एफओएफ आकर्षक लग सकता है। यह स्कीम सभी मार्केट कैप में सक्रिय तौर पर प्रबंधित इक्विटी फंड तक एक्सेस देती है, जो मार्केट की स्थितियों के आधार पर आबंटन को प्रभावशाली तौर पर एडजस्ट करने के लिए एक स्ट्रक्चर्ड इन-हाउस फ्रेमवर्क का इस्तेमाल करती है। न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) 02 मार्च से 16 मार्च, 2026 तक निवेश के लिए खुला है। अभी भारत में ऐसे बहुत कम सक्रिय तौर पर प्रबंधित एफओएफ हैं।

:: आम सूचना ::

सर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता श्री आकाश ओ ए के विला नं. 154, विला कैंपस, तिवारी पिता श्री राम कुमार तिवारी निवासी आमासिवनी रायपुर, सफायर ग्रीन विधान सभा रोड, एमजीएम आई हास्पीटल के पास, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) वाले की स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि जो वाके मौजा कोदवा, प.ह.नं. 36, रा.नि.मं. बंगोली तहसील खरोरा जिला रायपुर (छ.ग.) जिसका ख.नं. 237, रकबा 0.3520 हे., ख.नं. 238/2, रकबा 0.0400 हे., ख.नं. 239, रकबा 0.2630 हे., ख.नं. 245, रकबा 0.1210 हे., ख.नं. 246/5, रकबा 0.3600 हे., ख.नं. 247/2, रकबा 0.4010 हे. कुल खसरा 06, कुल रकबा 1.5370 हेक्टेयर भूमि है उक्त भूमि को क्रय करने का सौदा कर अग्रिम राशि अदा कर दिया गया है अब केवल विक्रय विलेख (रजिस्ट्री) पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त सौदे एवं संव्यवहार के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था बैंक, निगम शासकीय एवं अर्द्धशासकीय निकाय, बोर्ड प्राधिकरण, निगम आदि को किसी भी प्रकार की उजर, दावा, आपत्ति हो अथवा उक्त संपत्ति या उसके किसी भी भाग पर किसी प्रकार का स्वत्व, हक, अधिकार या भार हो तो वे इस आम सूचना प्रकाशन के दिनांक से 07 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति लिखित सुसंगत दस्तावेजो के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत करे एवं आम सूचना का खंडन किसी भी दैनिक समाचार पत्र मे स्वीकार नही किया जायेगा । सो सूचना जाने।

स्थान- रायपुर दिनांक 08.02.2026

भवदीय
एम.के. कर्मकार अधिवक्ता
पता- सेक्टर 04, कमल विहार लार्ड सिटी के पास, रायपुर छ.ग.
मो.नं. 70004 22624



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# मार्च की गर्मी में ट्रेनों का सफर हुआ मुश्किल, लोकल से एक्सप्रेस तक जनरल कोच में पंखे बंद, छूट रहा पसीना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

ट्रेनों में लगे पंखे की धीमी रफ्तार और खराबी के कारण यात्रियों का गर्मी में सफर करना अब मुश्किल होने लगा है। जोन के साथ-साथ दूसरे जोन की ट्रेनों के जनरल कोच में लगे 3 से 6 पंखे या तो पूरी तरह बंद हैं या इतनी धीमी गति से चल रहे हैं कि यात्रियों तक हवा ही नहीं पहुंच रही है। हरिभूमि ने ट्रेनों में लगे पंखों की पड़ताल की, जिसमें हसदेव, इतवारी मेमू, रक्सौल, हावड़ा एक्सप्रेस और रायपुर-कोरबा पैसेंजर जैसी ट्रेनों के जनरल कोच में एक दर्जन से अधिक पंखे बंद पाए गए। वहीं लोकल ट्रेनों के तीन से ज्यादा कोच में पंखों की रफ्तार बेहद धीमी मिली। हसदेव एक्सप्रेस के जनरल और सेकंड क्लास के चार कोच में 6 से अधिक पंखे बंद मिले, जबकि इतवारी मेमू में भी खराब पंखों की संख्या आधा दर्जन से अधिक रही।

मार्च के महीने में ही बढ़ती गर्मी ने यात्रियों को बेहाल कर दिया है। दोपहर के समय पंखे बंद होने के कारण उमस इतनी बढ़ जाती है कि यात्री अपनी शर्ट उतारकर सफर करने को मजबूर हैं। सामान्य भीड़ होने पर तो खिड़की से आने वाली हवा से थोड़ी राहत मिल जाती है, लेकिन कोच में भीड़ बढ़ने के दौरान यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ट्रेनों में मार्च में यह हाल है तो अप्रैल और मई की भीषण गर्मी में यात्रियों की दिक्कतें बहुत बढ़ जाएंगी।

## हसदेव, इतवारी मेमू, रक्सौल, हावड़ा एक्सप्रेस और रायपुर-कोरबा पैसेंजर के जनरल कोच में बंद पंखे





### एक्सप्रेस ट्रेनों का भी यही हाल जनरल कोच में पंखे मिले बंद

लोकल ट्रेनों की तुलना में एक्सप्रेस ट्रेनों के पंखे खराब होने की समस्या अधिक देखने को मिल रही है। रक्सौल, समता, हावड़ा-मुंबई और समरसता एक्सप्रेस जैसी लंबी दूरी की ट्रेनों के जनरल कोच में 1 से 3 पंखे पूरी तरह बंद पाए गए। इसके अलावा लगभग इतने ही पंखे बेहद धीमी रफ्तार से चल रहे थे। दोपहर के वक्त जनरल कोच में भारी भीड़ होती है। ऐसे में जब ट्रेन किसी स्टेशन या आउटर पर रुकती है तो उमस और गर्मी से यात्रियों के पसीने छूटने लगते हैं। कई कोच में तो हालात ऐसे थे कि लगातार दो पंखे एक साथ बंद पड़े थे। यह अव्यवस्था मुख्य रूप से जनरल कोच के यात्रियों पर सबसे भारी पड़ रही है।

---

## खबर संक्षेप

### पूर्व डीजीपी विश्वरंजन का निधन, दी श्रद्धांजलि



**रायपुर।** सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी कल्याण संघ द्वारा छत्तीसगढ़ के पूर्व पुलिस महानिदेशक एवं भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी विश्वरंजन के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए रविवार को पुलिस लाइन में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में उपस्थित सभी सदस्यों ने स्व. विश्वरंजन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी तथा उनके द्वारा पुलिस सेवा के दौरान किए गए उल्लेखनीय योगदान को स्मरण किया। श्रद्धांजलि देने वालों में सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक राजीव माथुर, संतकुमार पासवान, राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष गिरधारी लाल नायक, सेवानिवृत्त अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक यूआर नेताम, सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक भारत सिंह, पीएन तिवारी, पुलिस उप महानिरीक्षक प्रवीर दास, एनकेएस ठाकुर, सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी कल्याण संघ के संरक्षक जीएस भामरा, अध्यक्ष बलराम हिरवानी, कोषाध्यक्ष नारायण प्रसाद उपाध्याय सहित संघ के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

### पुरातत्वीय धरोहरों के संरक्षण में जनभागीदारी बढ़ाने की पहल



**रायपुर।** संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल के निर्देश पर संस्कृति विभाग अंतर्गत पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय संचालनालय, रायपुर द्वारा "जिला पुरातत्वीय संघों के निर्माण एवं कार्यविधियां" विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला 7 से 9 मार्च तक महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय में आयोजित है। प्रथम तकनीकी सत्र में "संग्रहालयों के संचालन में जिला पुरातत्वीय संघों की भूमिका" विषय पर मुख्य व्याख्यान प्रो. आरएन विश्वकर्मा, सेवानिवृत्त प्राध्यापक एवं पूर्व विभागाध्यक्ष, प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्त्व, इंदिरा कला एवं संगीत विश्वविद्यालय द्वारा दिया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कार्यक्रम प्रभारी डॉ. पीसी पारख, प्रभात कुमार सिंह, डॉ. अरुंधति परिहार, रोशनी शर्मा, डॉ. वृषोत्तम साहू, प्रवीन तिर्की, डॉ. राजीव मिंज, विष्णु नेताम, समीर टल्लू, मुकेश जोशी, अमर भरतद्वाज, नूतन एक्का एवं अरुण निर्मलकर सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### शराब के नशे में लकड़ी के बैट से सिर फोड़कर फरार

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के बैरन बाजार इलाके में देर रात एक युवक पर हमला किए जाने का मामला सामने आया है। शराब के नशे में एक युवक ने अकारण गाली-गलौज करते हुए लकड़ी के बैट से हमला कर दिया, जिससे पीड़ित के सिर में गंभीर चोट आई है। जानकारी के अनुसार पीड़ित युवक विद्यानगर बैरन बाजार का निवासी है और पेशे से प्लंबर है। उसने पुलिस को बताया कि वह इलाके के रहने वाले अंशुल बघेल को पहले से जानता है। 7 मार्च की रात करीब 11 बजे वह विद्यानगर स्थित शिव मंदिर के पास बैठा हुआ था।

---

### निर्माता दवा कंपनी नहीं कर पा रही सप्लाई, छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों में शार्टेज

# इम्यूनोथैरेपी इंजेक्शन ऑन्को-बीसीजी 40 एमजी की सप्लाई ठप, बढ़ी मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

ब्लैडर कैंसर की पीड़ा से जूझ रहे मरीजों के सामने पिछले कुछ समय से एक बड़ी मुश्किल खड़ी हो गई है। इनके लिए इम्यूनोथैरेपी के रूप में उपयोग की जाने वाला ऑन्को-बीसीजी 40 एमजी के इंजेक्शन की अस्पतालों के साथ दवा बाजार में किल्लत हो गई है। इस दवा की प्रमुख निर्माता कंपनी द्वारा छत्तीसगढ़ समेत अन्य राज्यों में आपूर्ति बाधित होने की वजह से मरीजों की चिंता बढ़ गई है। दवा बाजार से जुड़े कारोबारियों का तर्क है कि इसकी सप्लाई मार्च के दूसरे पखवाड़े के बाद ही संभव है।

सूत्रों के मुताबिक, कैंसर प्रभावित कोशिकाओं को दोबारा पनपने से रोकने के लिए ऑन्को-बीसीजी इम्यूनोथैरेपी इंजेक्शन को जरूरी माना जाता है। चिकित्सकों के मुताबिक, यह थैरेपी एक निश्चित समय के बाद मरीजों को दी जाती है। यह इंजेक्शन बहुत रुटीन में नहीं है, इसलिए सामान्यतः इसकी शार्टेज होना मरीजों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन सकता है। पिछले कुछ समय से इसकी उपलब्धता राजधानी की निजी अस्पतालों के साथ दवा बाजार में नहीं है, जिसकी वजह से एक नियत अवधि में इसे लगवाने वाले मरीजों को दिक्कत उठानी पड़ रही है। हरिभूमि की टीम ने जब संबंधित इंजेक्शन की उपलब्धता के बारे में दवा बाजार में इन्वेस्टीगेशन किया तो पता चला कि पिछले पंद्रह-बीस दिनों से निर्माता कंपनी इसकी सप्लाई नहीं कर रही है। बाजार में मौजूदा स्टॉक भी खत्म हो गया और कंपनी से नई खेप आने का इंतजार किया जा रहा है। दवा कारोबारियों के मुताबिक, सिप्ला कंपनी का यह इंजेक्शन दवा दुकानों में तो दूर, नागपुर के डिपो में भी नहीं है। इसकी शार्टेज छत्तीसगढ़ के साथ पूरे देश में बनी हुई है। दवा कारोबारियों का कहना है कि कंपनियों को डिमांड भेजी जा चुकी है, मगर इसकी आपूर्ति मार्च के दूसरे पखवाड़े में ही होने का अनुमान है।

## अस्पतालों के साथ दवा बाजार में भी नहीं मिल रही, दूसरे पखवाड़े बाद ही राहत





### औषधि विभाग की नजर भी

बाजार में दवा की उपलब्धता को सामान्य बनाए रखने की जिम्मेदारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन की होती है। ब्लैडर कैंसर की इम्यूनोथैरेपी इंजेक्शन की सप्लाई बाधित होने के बाद विभागीय अधिकारी इसके वास्तविक कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रहे हैं। प्रारंभिक स्तर पर उन्हें यह भी बताया गया कि सिप्ला कंपनी के नागपुर डिपो में भी इस इंजेक्शन की उपलब्धता नहीं है।

### शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को करता है मजबूत

*यह इंजेक्शन मरीजों के शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने के लिए दिया जाता है। आमतौर पर इसका उपयोग सभी मरीजों के लिए नहीं किया जाता है। 'इंट्रावेसिकल इम्यूनोथैरेपी' कैंसर की कोशिकाओं से शरीर को लड़ने के लिए मजबूत करती है।*

*- डॉ. आशुतोष गुप्ता, ऑन्कोलाजिस्ट, आंबेडकर अस्पताल*

### शार्टेज बनी हुई है

*ऑन्को-बीससीजी 40 एमजी की सप्लाई पिछले कुछ समय से कंपनी द्वारा नहीं की जा रही है। संबंधित कंपनी के डिपो में भी स्टॉक नहीं है। संभावना है कि माह के दूसरे पखवाड़े में बाजार में इसकी उपलब्धता हो जाएगी।*

*- ठा. राजेश्वर सिंह, दवा कारोबारी*

---

### नवीन बाजार का री-डेवलपमेंट प्लान अटका

# सर्वे और सीमांकन के बाद अब तक कंसल्टेंट नियुक्त नहीं किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राजधानी के फूल चौक स्थित पांच दशक पुराने नवीन मार्केट को तोड़कर छहमंजिला व्यावसायिक परिसर बनाने की योजना अटक गई है। 7 माह बीतने बाद भी नगर निगम पुराने बाजार का कायाकल्प करने अब तक कंसल्टेंट नियुक्त नहीं कर पाया है। जबकि नवीन मार्केट के री-डेवलपमेंट प्लान के लिए पूर्व में ही नगर निगम ने आर्किटेक्ट फाइनल कर लिया। रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल पर महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर योजना शाखा ने इसका री-डेवलपमेंट प्लान तैयार किया। इस बाजार को पंडरी जैसे व्यावसायिक परिसर का स्वरूप दिए जाने की योजना थी।

शहर के प्राइम लोकेशन पर स्थित 50 साल पुराने नवीन मार्केट को आधुनिक व्यावसायिक परिसर का स्वरूप देने की योजना सात माह में रत्तीभर भी आगे नहीं बढ़ पाई। नगर निगम के जोन-4 और निगम मुख्यालय की टीम ने नवीन मार्केट का पहले सर्वे कराया, इसके बाद इसकी सीमांकन रिपोर्ट तहसील से नगर निगम को मिली। यह जमीन सीमांकन के बाद 4.5 एकड़ निकली। नवीन बाजार के री-डेवलपमेंट का प्लान नगर निगम की योजना शाखा ने तैयार किया। वर्तमान में यहां 2 एकड़ भूमि पर दुकानें बनी हैं, जिससे नगर निगम को हर साल राजस्व मिलता है, पर बाकी जगह कब्जा कर अवैध मकान व दुकानें बना ली गई हैं, यानी निगम के आधिपत्य वाली ढाई एकड़ जमीन पर अवैध कब्जा पाया गया। योजना शाखा ने इस प्रोजेक्ट की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार की। नए प्लान के मुताबिक सभी पुराने निर्माण तोड़कर नगर निगम अपने आधिपत्य की पूरी जमीन कब्जे में लेकर उसमें नया मार्केट रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल पर तैयार कराता।

### निगम बजट में करेंगे शामिल

नवीन बाजार री-डेवलपमेंट प्लान तैयार है, इसे मूर्त रूप देने नगर निगम के नए प्रस्तावित बजट में इसे शामिल किया जाएगा, ताकि शहर के पुराने बाजार का कायाकल्प हो, वह सुंदर स्वरूप में नजर आए। साथ ही इससे नगर निगम के राजस्व में अतिरिक्त वृद्धि होगी। **- मीनल चौबे**, महापौर

---

# नया रायपुर बनेगा सोलर सिटी, क्रेडा ने प्रदेश सरकार को भेजा प्रस्ताव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में भी सोलर से बिजली का उत्पादन करने का काम अब तेजी से करने की तैयारी चल रही है। क्रेडा कई योजनाओं पर काम कर रहा है। नया रायपुर को सोलर सिटी भी बनाने की तैयारी है। इसके लिए क्रेडा ने पहले चरण में 18 विभागों के लिए 2370 किलोवाट की योजना तैयार की है। इस योजना को प्रदेश सरकार से मंजूरी के बाद इस पर काम प्रारंभ होगा। पहले 10 मेगावाट बिजली के उत्पादन का 65 करोड़ का प्रस्ताव प्रदेश सरकार के पास भेजा था, लेकिन इसको नामंजूर करके क्रेडा को हर विभाग के लिए अलग-अलग योजना बनाकर देने के लिए कहा गया है। अब क्रेडा ने हर विभाग के लिए अलग-अलग योजना तैयार करके प्रस्ताव भेजा है।

- क्रेडा ने बनाई अलग-अलग विभागों के लिए योजना, राज्य सरकार को भेजा मंजूरी के लिए

देश में लगातार बढ़ती बिजली की मांग को देखते हुए अब केंद्र सरकार ने सोलर बिजली की तरफ रुख किया है। इसके लिए देश के कई राज्यों में भी काम हो रहा है। जहां एक तरफ केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना पर काम चल रहा है, वहीं राज्यों में बड़े-बड़े सरकारी और निजी सोलर प्लांट भी लगाने का काम हो रहा है। आवासीय कॉलोनियों के लिए भी रेस्को मॉडल में काम हो रहा है।

### इन विभागों की योजना तैयार

*नया रायपुर में अभी पूरी बसाहट नहीं हुई है। लेकिन यहां पर मंत्रालय, सरकारी और कई निजी संस्थानों के साथ मुख्यमंत्री, मंत्रियों के बंगले भी हैं। क्रेडा ने अब 18 विभागों के लिए अलग-अलग योजना तैयार की है। इसमें सबसे ज्यादा 500 किलोवाट की योजना अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की है। इसी के साथ रिटेल कांप्लेक्स के लिए 400 किलोवाट, सीएसआईडीसी मेला स्थल के लिए 250 किलोवाट, ऑफिस कांप्लेक्स के लिए 200 किलोवाट, आदिवासी संग्रहालय के लिए 200 किलोवाट, कमर्शियल कांप्लेक्स के लिए 100 किलोवाट, स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के लिए 90 किलोवाट, राज्य योजना आयोग के लिए 90 किलोवाट, इंस्टीट्यूट होटल मैनेजमेंट के लिए 80 किलोवाट, लोक निर्माण विभाग डिवीजन 3 के लिए 70 किलोवाट, छत्तीसगढ़ चुनाव आयोग के लिए 60 किलोवाट, डेवलपमेंट कमिश्नर ऑफिस के लिए 55 किलोवाट, सचिव स्टेट इनफार्मेशन कमीशन के लिए 50 किलोवाट, सचिव राज्य चुनाव आयोग के लिए 45 किलोवाट सहित अन्य विभागों में 30-30 किलोवाट की योजना तैयार की है।*

### सरकार को मंजूरी के लिए भेजा प्रस्ताव

*नया रायपुर को सोलर सिटी बनाने लिए अलग-अलग विभागों की योजना बनाकर प्रदेश सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है, वहां से मंजूरी के बाद काम प्रारंभ होगा।*

*- भूपेंद्र सवन्नी, अध्यक्ष क्रेडा*

---

# नवा रायपुर में डीएड अभ्यर्थियों का आमरण अनशन, अब विधानसभा में गूंजेगा मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



नवा रायपुर के तूता स्थित धरनास्थल पर पिछले ढाई माह से आमरण-अनशन कर रहे डीएड अभ्यर्थियों ने सहायक शिक्षकों के 2300 पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर रविवार को भी अपनी आवाज बुलंद की। प्रदेश के विभिन्न स्थानों से आए डीएड अभ्यर्थियों ने धरनास्थल पर होली त्योहार मनाया। डीएड अभ्यर्थियों का मुद्दा अब 11 मार्च से शुरू हो रहे विधानसभा सत्र में गूंजेगा। सरायपाली क्षेत्र की विधायक चातुरी नंद, धरमजयगढ़ के विधायक लालजीत राठिया के अलावा बिलाईगढ़ क्षेत्र के विधायक कविता प्राणा लहरे विधानसभा में इस मुद्दे पर सवाल लगाए हैं। डीएड अभ्यर्थी संघर्ष समिति के आव्हान पर छत्तीसगढ़ के डीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थियों द्वारा सहायक शिक्षक भर्ती 2023 में रिक्त 2300 पदों पर नियुक्त की मांग को लेकर आमरण अनशन किया जा रहा है। अभ्यर्थियों का कहना है कि वे अपनी 4 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना दे रहे हैं। हमारी प्रमुख मांग हैं कि न्यायालय के आदेश का तत्काल पालन हो। विशेष रूप से 1600 से अधिक आदिवासी वर्ग के रिक्त पदों पर नियुक्ति दी जाए। डीएड अभ्यर्थियों ने अपने मांगों को लेकर पूर्व में शिक्षा विभाग संचालनालय को लेकर मंत्रालय का घेराव करने रैली भी निकाली।

### धरनास्थल पर मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस :

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर डीएड प्रशिक्षित महिला अभ्यर्थी बैनर पोस्टर हाथ में लेकर शासन का ध्यान आकर्षित कराने तूता धरनास्थल पर डटी रहीं। साथ ही श्रृंगार नहीं संघर्ष की मिसाल हैं स्त्रियां, मान चाहिए सम्मान चाहिए, के स्लोगन के साथ प्रदर्शन किया।

---

# रोशनी छीन सकता है ग्लूकोमा, सप्ताहभर होगी सभी सरकारी अस्पतालों में जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ग्लूकोमा यानी काला मोतिया आंखों की रोशनी छीन सकता है। इससे प्रभावित लोगों के आंखों की रोशनी वापस नहीं लाई जा सकती, मगर दवा के नियमित उपयोग से इससे बचाव किया जा सकता है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्लूकोमा सप्ताह के दौरान सप्ताहभर तमाम सरकारी अस्पतालों में इसकी जांच की जाएगी। पिछली बार अभियान के दौरान प्रदेश में करीब पांच सौ लोगों को इसका संदिग्ध पाया गया था। नियमित दवा से ज्यादातर पीड़ितों की समस्या को नियंत्रित कर लिया गया और सर्जरी वाली स्थिति में दर्जनभर ही पहुंचे।

- पिछली बार मिले थे लगभग पांच सौ संदिग्ध, नियमित दवा ने बचाई रोशनी

स्वास्थ्य विभाग के अंधत्व निवारण कार्यक्रम के तहत 8 से 14 मार्च तक प्रदेशभर में ग्लूकोमा सप्ताह मनाया जाएगा। इस दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर मेडिकल कालेजों तक आने वाले 40 साल से अधिक आयु वाले मरीजों के आंखों में ग्लूकोमा की जांच की जाएगी। चिकित्सकों के मुताबिक बार-बार चश्मे का नंबर बढ़ना और सिरदर्द को सामान्य समस्या माना जाता है, मगर इसका कारण ग्लूकोमा भी हो सकता है।




### तेलीबांधा मरीन ड्राइव में कार्यक्रम

ग्लूकोमा सप्ताह के पहले दिन तेलीबांधा मरीन ड्राइव में कार्यक्रम के माध्यम से महिला समूह को नेत्र परीक्षण कराने हेतु प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी सहित अन्य लोग मौजूद रहे। सीएमएचओ डॉ. मिथिलेश चौधरी, जिला नोडल अधिकारी डॉ. समतरंगारी ने बताया कि इस बीमारी से बचने के लिए जांच कराना ही एकमात्र उपाय है, इसलिए जांच कराने में लापरवाही न बरतें और जांच अवश्य कराएं।

### क्या है ग्लूकोमा

जिला सहायक नोडल अधिकारी राजेंद्र प्रसाद यादव ने बताया कि ग्लूकोमा को सामान्य भाषा में 'काला मोतिया' या 'काचबिंदु' भी कहा जाता है। यह आंखों की एक गंभीर बीमारी है। इसमें आंख के अंदर तरल पदार्थ (फ्लूइड) जमा होने से दबाव बढ़ जाता है, जिससे ऑप्टिक नर्व (दृष्टि तंत्रिका) को नुकसान पहुंचता है। यह तंत्रिका ही आंखों से मस्तिष्क तक संकेत भेजती है, जिससे हम देख पाते हैं। इसके शुरुआती लक्षण में धुंधली दृष्टि, आंखों में दर्द, चश्मे का नंबर बार-बार बदलना होता है।

---

### सरकारी विभागों पर ही तीन हजार करोड़ का बकाया

# सरकारी दफ्तरों से बिजली बिल बकाया वसूली के लिए चलेगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर के सरकारी दफ्तरों भी अब छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने बकाया वसूली के लिए अभियान चलाने का फैसला किया है। आमतौर पर आम उपभोक्ता से तो वसूली के लिए बिजली तक कट कर दी जाती है, लेकिन सरकारी दफ्तरों की तरफ झांका भी नहीं जाता है। अब सरकारी दफ्तरों में जाकर पॉवर कंपनी के अधिकारी उनके बकाया बिल की जानकारी देकर बिल जमा करने के लिए कहेंगे, हालांकि बिजली कट नहीं की जाएगी।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर ने कहा, प्रदेश के शासकीय कार्यालयों में बकाया बिजली बिल की वसूली के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक बैठक कर बकाया वसूली के संबंध में दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जिला एवं कंपनी के संभागीय कार्यालयवार शासकीय कार्यालयों के बकाया संबंधी जानकारी एकत्र कर एक सप्ताह के भीतर समीक्षा पूर्ण करें। इसके अतिरिक्त उन्होंने अवैध कनेक्शन लेने वाले घरेलू एवं व्यवसायिक उपभोक्ताओं की भी जानकारी एकत्र करने के निर्देश दिए हैं।

### तीन हजार करोड़ बकाया, 600 करोड़ मिले

*प्रदेशभर के सरकारी विभागों पर पॉवर कंपनी का करीब तीन हजार करोड़ का बकाया है, इसमें से 600 करोड़ रुपए पॉवर कंपनी को मिल गए हैं। मार्च के अंत तक और बकाया मिलने का संभावना है। इसके बाद वैसे भी सरकारी विभागों का बकाया फ्रीज कर दिया जाएगा और सरकारी विभागों के कनेक्शन प्रीपैड हो जाएंगे।*



रायपुर, सोमवार 9 मार्च 2026

हरिभूमि लाइव



फोटो: रमन हलवाई



# टी-20 विश्व कप में ऐतिहासिक जीत से खुशियों के सैलाब में डूबे फैंस

*रविवार को खेले गए टी-20 वर्ल्डकप के फाइनल में भारत ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। इस जीत के साथ ही शहर के क्रिकेट प्रेमी जश्न और खुशियों के सैलाब में डूबे नजर आए। क्रिकेट फैंस ने अपनी खुशियों का इजहार जय स्तंभ चौक पर तिरंगा लहराकर किया। साथ ही जीत के जश्न में जमकर आतिशबाजी भी की। इस दौरान भारत माता की जयकारे लगाते हुए फैंस खुशियों से झूमते-नाचते रहे। बता दें कि भारत ने तीन बार टी-20 वर्ल्ड कप विजेता बनने का विश्व रिकार्ड कायम किया है। साथ ही भारत ने लगातार दो बार टी-20 वर्ल्ड कप जीतने का भी रिकार्ड बनाया है। इतना ही नहीं, अपने घर पर टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाले पहली टीम भी बन गई है।*

## जयस्तंभ चौक पर लहराया तिरंगा



**रायपुर।** फाइनल में न्यूजीलैंड को 96 रनों से शिकस्त दी। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए शानदार 255 रन बनाए और न्यूजीलैंड को 256 का लक्ष्य दिया। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड की पूरी टीम 159 रनों पर सिमट गई। न्यूजीलैंड का जैसे ही 10वां विकेट गिरा, भारतीय क्रिकेट फैन्स में उत्साह और खुशियों का सैलाब उमड़ पड़ा। देश सहित प्रदेश की राजधानी में जगह-जगह फैन्स नाचते-झूमते व आतिशबाजी कर अपनी खुशी का इजहार किया।



### हर भारतीय के लिए गौरव का क्षण

टी-20 वर्ल्ड कप में भारत ने न्यूजीलैंड को हरा कर हर भारतीय को गौरवान्वित होने का मौका दिया है। इस ऐतिहासिक खिताबी मैच में भारतीय टीम ने जोरदार खेल दिखाया और न्यूजीलैंड को मुकाबले में एकतरफा हरा दिया। भारतीय खिलाड़ियों ने पिछले वर्ल्ड कप की यादें ताजा कर दिया। संजू सैमसन ने लगातार अपने फार्म को बरकरार रखते हुए टीम को जबर्दस्त शुरुआत दी। 19वें ओवर की आखिरी गेंद पर अभिषेक शर्मा ने जेकब डफ़ी को बोल्ड कर दिया और न्यूजीलैंड की पारी 159 रन पर ही सिमट गई।

### जगह-जगह प्रोजेक्टर से लाइव मैच का उठाया आनंद

भारतीय क्रिकेट फैंस ने शहर के चौक-चौराहों पर प्रोजेक्टर लगा कर समूह में टी-20 वर्ल्ड कप मुकाबले को देखने का लुफ्त उठाया। इस बीच फैंस भारतीय बल्लेबाजों की आतिशी बल्लेबाजी पर झूमते रहे। वहीं, गेंदबाजों के द्वारा न्यूजीलैंड के खिलाड़ियों को पवेलियन भेजने पर सीटी बजकार जश्न मनाते रहे।

### भारत बना टी-20 में विश्व विजेता

भारतीय टीम ने बीते 20 महीने में तीसरा आईसीसी खिताब जीता है। जून 2024 में भारत टी-20 वर्ल्ड कप चैंपियन बना। मार्च 2025 में टीम इंडिया ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीती और अब दोबारा टी-20 वर्ल्ड कप अपने नाम कर लिया है।



## सिटी इवेंट

### रेलवे ग्रुप डी भर्ती के लिए आज है फॉर्म भरने की अंतिम तिथि



**रायपुर।** रेलवे ग्रुप डी भर्ती 2026 के लिए आवेदन की लास्ट डेट 9 मार्च निर्धारित है। ऐसे में जो युवा रेलवे में सरकारी नौकरी पाने का सपने देख रहे हैं वे आज तक ऑनलाइन माध्यम से फॉर्म भर लें। आज के बाद एप्लीकेशन विंडो क्लोज कर दी जाएगी। अभ्यर्थी बिना देरी करते हुए ऑफिशियल आवेदन पोर्टल rrbapply.gov.in पर जाकर आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। फॉर्म भरने के बाद एप्लीकेशन फीस 11 मार्च निर्धारित है। आरआरबी ग्रुप डी पदों पर किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/ संस्थान से 10वीं कक्षा उत्तीर्ण युवा आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष से कम और अधिकतम आयु 33 साल से ज्यादा ना हो। आरक्षित वर्ग से आने वाले अभ्यर्थियों को ऊपरी उम्र में नियमानुसार छूट प्रदान की गई है। उम्र की गणना 1 जनवरी 2026 के अनुसार होगी।

#### यह है आवेदन फीस

इस भर्ती में आवेदन के साथ जनरल, ओबीसी एवं ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए फीस 500 रुपए, वहीं एससी/ एसटी के लिए फीस 250 रुपए जमा करना होगा। पहले चरण की परीक्षा में भाग लेने के बाद जनरल, ओबीसी एवं ईडब्ल्यूएस वर्ग को 400 रुपए और एससी/ एसटी वर्ग के अभ्यर्थियों की पूरी फीस रिफंड हो जाएगी। रेलवे की ओर से इस भर्ती के माध्यम से कुल 22195 रिक्त पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी ऑफिशियल वेबसाइट पर विजिट कर सकते हैं।

#### आवेदन करने की स्टेप्स

आरआरबी ग्रुप डी फॉर्म भरने के लिए सबसे पहले ऑफिशियल आवेदन पोर्टल **rrbapply.gov.in** पर विजिट करें। आधार कार्ड या अपने रेलवे अकाउंट क्रेडेंशियल दर्ज करके लॉग इन करें। इसके बाद मांगी गई डिटेल भरकर फॉर्म को पूरा करें। कैटेगरी के अनुसार निर्धारित फीस जमा करें। फॉर्म को सबमिट कर दें और उसका एक प्रिंटआउट निकालकर सुरक्षित रख लें।

## फाग गीतों से सजा होली मिलन और सम्मान समारोह राधा-कृष्ण के परिधान में बच्चों ने उत्सव में मचाई धूम

*रंगों के पर्व होली की अंतिम कड़ी में रविवार को रंग पंचमी उत्सव की धूम रही। इस अवसर पर शहर के गार्डन ही नहीं, सामाजिक भवनों में भी होली मिलन और सम्मान समारोह का सिलसिला दिनभर चला। इसमें एक तरफ जहां महिलाओं ने गीत-संगीत के साथ फाग गीतों की प्रस्तुति से लोगों को झूमने के लिए मजबूर किया, वहीं राधा-कृष्ण के परिधान में बच्चों ने उत्सव में समां बांधा। लोक गायकों की टोली ने हर वर्ग को पारंपरिक फाग गीतों से जोड़ने का प्रयास किया। इस बार मोतीबाग गार्डन में विश्व संवाद केन्द्र के आयोजन में पत्रकारों ने भी उत्सव मनाया।*

### मोतीबाग गार्डन में पत्रकारों संग संवाद और होली मिलन



विश्व संवाद केन्द्र छत्तीसगढ़ प्रांत की पहल पर शहर के मोतीबाग गार्डन में शाम 4 बजे पत्रकार होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें प्रांत के संघचालक टोपलाल वर्मा, सहसंघचालक नारायण नामदेव, सीएम विष्णु देव साय के मुख्य सलाहकार आर. कृष्णा दास, प्रचार प्रमुख संजय तिवारी, सहप्रचार प्रमुख नीरज वर्मा और शिव दत्ता ने आयोजन को सफल बनाने व्यवस्था की कमान संभाली।

वहीं, मंच पर अलका चंद्राकर परघनिया के साथ ही अमित परघनिया के ग्रुप ने होली गीतों की प्रस्तुति से आयोजन को उत्सव का रूप दिया। इसमें सभी मीडिया संस्थानों से जुड़े पत्रकारों ने शिरकत करते हुए परंपराओं का निर्वहन किया। इसके बाद सभी ने व्यंजनों का स्वाद लिया। इसमें महिला पत्रकारों की भागीदारी ने अवसर को खास बनाया। सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाते हुए पर्व की बधाई दी।

### समाज के होली मिलन में महिलाओं ने गाए फाग गीत



इस वर्ष भी भुजंवा, हलवाई कान्यकुब्ज वैश्य गुप्ता समाज सेवा समिति की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन रविवार को रंग पंचमी तिथि पर किया गया। इसके चलते साहू समाज काम्प्लेक्स टिकरापारा में उत्सव का माहौल रहा। इसमें सामाजिक लोगों के साथ पदाधिकारियों के परिवार की उपस्थिति ने आयोजन को गरिमामय स्वरूप दिया। रायपुर एवं दूसरे शहरों से उमड़े जनसैलाब ने होली मिलन समारोह का भरपूर आनंद लिया। वहीं, समाज के पदाधिकारियों ने अष्टगंध चंदन एवं फूलों से लोगों का स्वागत किया। समाज की महिला मंडल ने बच्चों को राधा-कृष्ण की तरह तैयार किया एवं फाग गीतों का आयोजन महिला समूह ने किया। फाग गीतों में महिला मंडल ने आनंदमय समूह नृत्य प्रस्तुत किया। रायपुर गुप्ता समाज के अध्यक्ष संजय गुप्ता एवं पदाधिकारियों के अथक प्रयासों ने इस समारोह को सफल बनाया। उन्होंने बताया कि हम समाज के हर वर्ग को बिना भेदभाव आदर और सम्मान से जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं।

### अधिकारियों ने किया होली मिलन व सम्मान समारोह

छत्तीसगढ़ प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ द्वारा एलाइड सर्विस से भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) में अवार्ड प्राप्त अधिकारियों के सम्मान में इंद्रावती भवन में एक गरिमामय समारोह किया गया। इसमें विभिन्न विभागों के राजपत्रित अधिकारियों की उपस्थिति ने होली मिलन और सम्मान समारोह को भव्य स्वरूप दिया। मुख्य अतिथि संचालक कोष, लेखा एवं पेंशन पदमिनी भोई साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि यदि अधिकारी अपने उत्तरदायित्वों का समर्पित भाव से निर्वहन करें तो बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं। आईएएस अवार्ड से सम्मानित ऋषभ कुमार पाराशर ने अपना अनुभव साझा किए। संघ के प्रदेश अध्यक्ष कमल वर्मा ने अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान करते हुए श्री पाराशर एवं तरुण किरण को उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी।

### रोचक स्पर्धा से सजाया होली मिलन, छलका उत्साह



महाराष्ट्र मंडल के सियान गुड़ी दिव्यांग बालिका विकास गृह में रोचक स्पर्धाओं, संगीतमय प्रस्तुतियों और जबरदस्त डांस नंबर ने होली मिलन को यादगार बनाया। युवा समिति के पदाधिकारियों की सहभागिता से आयोजित होली मिलन समारोह में रेपिड फायर गेम और एक शब्द को लेकर गाना गाते हुए सदस्यों ने एंजॉय किया। होली के हिंदी और मराठी गीतों की सुमधुर प्रस्तुतियों और शानदार डांस ने इस अवसर को खास बनाया। अध्यक्षीय संबोधन में मंडल के अध्यक्ष अजय काले ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए युवा पीढ़ी को स्वतंत्र होकर कार्यक्रम संचालित करने की बधाई दी। मंडल के सचिव चेतन दंडवते ने बताया कि युवा समिति की प्रमुख डॉ. शुचिता देशमुख, श्रुति सराफ, मेघा पोतदार और श्रावणी मुकादम ने होली मिलन की कमान संभाली। इसकी शुरुआत म्यूजिकल गेम हर सदस्य को एक- एक पर्ची उठाकर उस पर लिखे एक शब्द पर आधारित गाना गाने हुए की गई।

**धर्म लाइव**

## साहित्य के माध्यम से संस्कृति को सहेजने वालों का सम्मान



**रायपुर।** संस्कृति विभाग के सौजन्य और छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज द्वारा संत कवि पवन दीवान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा के मुख्य आतिथ्य एवं संतोष उपाध्याय पूर्व विधायक, प्रो. एसके पाण्डेय, संदीप शर्मा, निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी, सुरेश शर्मा के विशिष्ट आतिथ्य में समारोह किया गया। विप्र भवन समता कॉलोनी में आयोजित समारोह की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ने कहा, संत कवि पवन दीवान की स्मृति में संस्कृति विभाग के सहयोग से यह समारोह विगत 11 वर्षों से किया जा रहा है। इसमें छत्तीसगढ़ के संस्कृति और परंपरा को साहित्य के माध्यम से जन-जन तक पहुंचने वाले साहित्यकारों का सम्मान किया गया। अतिथियों ने कहा कि संत पवन दीवान छत्तीसगढ़ की गरिमा और अस्मिता की पहचान थे।

### श्रद्धांजलि सभा और सम्मान समारोह में किया याद

छत्तीसगढ़ की अस्मिता और विकास के लिए हमेशा बेचैन रहते वाले पवन दीवान की स्मृति में छत्तीसगढ़ की पहचान को बनाए रखने के लिए श्रद्धांजलि सभा और सम्मान समारोह का आयोजन विप्र समाज करता है। प्रसिद्ध लोक विभूति राकेश तिवारी एवं साहित्यकार अरविंद मिश्रा को शॉल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह व 21000 रुपए प्रदान करते हुए सम्मानित किया गया। इससे पूर्व प्रसिद्ध कवि मीर अली मीर, संजय शर्मा, किशोर तिवारी, संध्यारानी शुक्ला, राजेश तिवारी सहित कवियों ने कविता पाठ किया। समारोह का संचालन डॉ. मेघेश तिवारी एवं डॉ. सुधीर शर्मा ने किया। आयोजन समिति के नरेंद्र तिवारी ने आभार प्रदर्शन किया। संतोष उपाध्याय ने संत पवन दीवान ट्रस्ट की ओर से छात्रवृत्ति कोष के लिए एक लाख रुपए का चेक प्रदान किया।

**धर्म लाइव**

## भागवत कथा से दूर होता है अज्ञानता रूपी अंधकार



**रायपुर।** श्रीराम कथा समिति द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन कथा व्यास संत चिन्मयदास महाराज ने भागवत महिमा और भक्ति के महत्व का वर्णन किया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम में जारी कथा में महाराज ने कहा कि कथा का दिव्य ज्ञान गुरु परंपरा से प्राप्त हुआ है। भगवान नारायण ने ब्रह्मा को यह ज्ञान दिया, ब्रह्मा ने नारद को, नारद ने वेदव्यास को और वेदव्यास ने अपने पुत्र शुकदेव को यह कथा सुनाई। शुकदेव ने राजा परीक्षित को भागवत कथा का श्रवण कराया, जिससे उन्हें मोक्ष की प्राप्ति हुई। उन्होंने कहा कि जैसे दीपक के प्रकाश से अंधकार दूर हो जाता है, उसी प्रकार श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करने से अज्ञानता रूपी अंधकार समाप्त होता है और मनुष्य के जीवन में ज्ञान का प्रकाश फैलता है।

### भक्त की रक्षा के लिए अवतरित होते हैं भगवान

जीव का परम धर्म भगवान के चरणों में भक्ति करना है। जब मनुष्य निष्काम भाव से भक्ति करता है तो उसे भगवान की कृपा प्राप्त होती है। निष्काम भक्ति का अर्थ है बिना किसी स्वार्थ के ईश्वर की आराधना करना। मीरा बाई और भक्त प्रह्लाद जैसे महान भक्तों ने निष्काम भाव से भगवान की भक्ति की और भगवान ने भी अपने भक्तों की रक्षा की। संत चिन्मयदास महाराज ने बताया कि जब-जब भक्त सच्चे मन से भगवान को पुकारता है, तब-तब भगवान अपने भक्तों की रक्षा के लिए अवतरित होते हैं। मनुष्य अपने कर्मों का फल भोगने के लिए जन्म लेता है, जबकि भगवान भक्तों का उद्धार करने और धर्म की स्थापना के लिए अवतार लेते हैं। भगवान के अनंत अवतार हैं, जिनमें दस प्रमुख अवतार माने जाते हैं।

**लाइव इवेंट**

## खनन और निर्माण में उपयोगी उपकरणों की सजेगी प्रदर्शनी



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में खनन और निर्माण में उपयोग होने वाले उपकरणों एवं मशीनों की प्रदर्शनी लगने वाली है। इसे डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर नया रायपुर में 11 से 14 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। इस आईकॉनिक एक्सपो के संदर्भ में इंडियन माइनिंग एवं कंस्ट्रक्शन एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं आईकॉनिक एक्सपो के प्रभारी अभिषेक कुमार पाण्डेय ने जानकारी दी। उन्होंने शनिवार को प्रेस क्लब में पत्रकारवार्ता के दौरान बताया कि हर बार की तरह आईकॉनिक के सफल आयोजन को ध्यान में रखते हुए 2026 में नया रायपुर छत्तीसगढ़ इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में माइनिंग एवं कंस्ट्रक्शन निर्माण क्षेत्र में उपयोग होने वाले उपकरणों एवं मशीनों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इसमें देशभर में उद्योग से जुड़े हुए सभी निर्माता अपने-अपने उपकरणों एवं मशीनों को प्रदर्शित करेंगे।

### आधुनिक मशीनों की खरीदी का मिलेगा अवसर

इस उद्योग से जुड़े सभी विक्रेताओं को एक ही जगह सभी मशीनों जैसे बेको लोडर, एक्सकैवेटर, रॉक ब्रेकर, वाइनो रीपर, नोहर, ट्रक, क्रेन, स्टोन क्रशर्स, रबर पार्ट्स, स्पेयर पार्ट्स एवं मशीनों के पार्ट्स विक्रेता भी इस एक्सपो में अपने-अपने स्टाल लगाकर मशीनों एवं पार्ट्स को प्रदर्शित करेंगे। आईकॉनिक एक्सपो में विक्रेताओं को खरीदे गए उपकरणों एवं मशीनों पर छूट दी जाएगी। अभिषेक कुमार पाण्डेय ने बताया कि भारत में निर्मित नए उपकरण 'वाइब्रो रीपर को प्रदर्शित किया जाएगा, जो खदानों में ब्लास्टिंग का एक नया विकल्प है। एक्सपो में आईआईटी के राष्ट्रीय स्तर के खानन विशेषज्ञ हिस्सा लेंगे, उनका अनुभव सभी क्रेता एवं विक्रेता ले सकेंगे। गगन मिश्रा ने बताया कि इस बार लोगों को आधुनिक उपकरण खरीदने पर फायदा भी मिलने वाला है।

● सामाजिक मंचों पर अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी काबिलियत का लोहा मनवाने वाली नारी शक्ति का हुआ सम्मान

# महिलाओं ने बाइक-कार रैली निकाल सेलिब्रेट किया वर्ल्ड वुमन्स डे, समाज ने अदम्य साहस को नवाजा

*शहर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर नारी सम्मान समारोह की धूम रही। सिटी वुमन्स ने उत्साह और साहस के साथ सड़क से लेकर सामाजिक मंचों तक अपनी धमक दिखाई। इस अवसर पर सामाजिक संगठनों ने भी उन प्रतिभाशाली व साहसी महिलाओं को सम्मान से नवाजा, जिन्होंने अपने कार्यों व समर्पण से पूरी दुनिया के सामने नारी शक्ति का मान बढ़ा एक मिसाल कायम की है।*



### भव्य बाइक-स्कूटी रैली में महिला सशक्तिकरण का अद्भुत संगम

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 'मैं भारत हूं' थीम पर एक भव्य बाइक-स्कूटी रैली का सफल आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक रैली में 2000 से अधिक महिलाओं ने हिस्सा लेकर राष्ट्रभक्ति और नारी शक्ति का शंखनाद किया और गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में अपना नाम दर्ज कराया। इस विशाल आयोजन की मुख्य सूत्रधार और संयोजिका डॉ. भारवि वैष्णव धर्म जागरण समन्वय प्रांत एवं सह-संयोजिका डॉ. अनामिका सिंह स्त्री रोग विशेषज्ञ, पार्षद एवं एमआईसी सदस्य नगर निगम रायपुर रहीं। रैली का नेतृत्व अनुशासन की प्रतिमूर्ति महिला पुलिस कर्मियों के दस्ते ने किया, जिसके पीछे हजारों की संख्या में तिरंगा लिए मातृशक्ति का सैलाब उमड़ पड़ा।



### लेडीज विंग ने भव्य कार रैली का किया आयोजन

अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जीतो लेडीज विंग रायपुर द्वारा एक भव्य कार रैली का आयोजन किया गया। यह आयोजन कैंसर और थैलीसीमिया की रोकथाम के लिए जागरूक करने किया गया। इसमें जीतो एमपी सीजी जोन की कन्वेनर कुसुम श्रीमाल, चेयर पर्सन रश्मि जैन, उषा लुनावत, रिचा बरलोटा, चैप्टर के चीफ सेक्रेटरी अंकुश गोलछा, आलोक जैन, अभिलेश कटारिया, प्रखर तालेडा, सिद्धार्थ बरडिया की भागीदारी रही।

**रायपुर।** बता दें कि 8 मार्च को विश्व महिला दिवस को लेकर पूर्व से ही उत्साह व सम्मान समारोह का सिलसिला रहा। यह सिलसिला रविवार को भी चलता रहा, जहां शहर के कई सामाजिक संगठन, संस्थाओं द्वारा कला, शिक्षा, चिकित्सा, व्यापार, खेल, सेना, समाज सुधार जैसे विविध क्षेत्रों में अपनी काबिलियत और अदम्य साहस से अपनी पहचान बनाने वाली नारी शक्तियों को सम्मानित करने बड़े स्तर पर सम्मान समारोह आयोजित किए गए। ऐसे ही कुछ सामाजिक संगठनों व संस्थाओं का सम्मान समारोह इस प्रकार हैं।

### महिला बंदियों को याद आया परिवार

शुभम शिक्षण एवं कला संस्थान द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सेंट्रल जेल के महिला सेल में संगीत, कविता एवं मोटिवेशनल स्पीच का कार्यक्रम रखा गया। इसमें अध्यक्ष महुआ मजूमदार, लक्ष्मी नारायण लाहोटी, रंजन बैनर्जी, रुनाली चक्रवर्ती, सोम अधिकारी, अन्नपूर्णा शर्मा, श्रेया हलदार, कविता हलदार, खोखन कुंडू ,शीला सरदार, सीमा बोस की भागीदारी रही। कार्यक्रम अत्यंत रोचक रहा। कुछ गीतों के बाद तालियां भी बजती रहीं और महिला बंदियों को अपना परिवार भी याद आया।



### अखिल विश्व गायत्री परिवार ने किया नारी शक्ति का सम्मान



अखिल विश्व गायत्री परिवार रायपुर के परिजनों द्वारा महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर गायत्री चेतना केंद्र बोरियाखुर्द में किया गया। समारोह में गायत्री चेतना केंद्र बोरियाखुर्द की व्यवस्थापक अनोखी निषाद एवं पूर्णिमा साहू ने बताया कि महिलाओं ने 'आओ गढ़ें संस्कारवान पीढ़ी' के तहत नारी शक्ति को जागरूक करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं का मंगल तिलक करते हुए मंत्र दुपट्टा व श्रीफल भेंट कर उनका सम्मान किया गया।

### छत्तीसगढ़ सिंधी महापंचायत ने सेलिब्रेट किया वर्ल्ड वुमन्स डे

विश्व महिला दिवस के अवसर पर पूज्य छग सिंधी महापंचायत की महिला टीम भावना कुकरेजा एवं टीम के द्वारा 'एक दौड़ साईं झूलेलाल के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन रविवार को सुबह 6 बजे तेलीबांधा मरीन ड्राइव पर किया गया। महापंचायत के प्रवक्ता द्वय दिनेश आनंद अठवानी, पवन प्रीतवानी ने बताया कि पंचायत के सैकड़ों सदस्यों ने नाचते, गाते, झूमते भगवान झूलेलाल के अवतरण अवसर का आगाज करते, नगर के सिंधी समाज को आल्हादित कर दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष भावना कुकरेजा, मंजू सुंदरानी, महामंत्री द्वय हर्षा मोटवानी-दीपिका जेठवानी, ज्योति हुंदानी, हेमा सुंदरानी, अनीता हिरदानी, रिचा रोहरा, पारुल चंदवानी, रीत खियानी, कुसुम डोडानी, दिव्या अडवानी, सुषमा खेमानी, मनीषा नारवानी, संगीता खूबवानी, मंजू मलंग का योगदान रहा।






### अवाम ए हिन्द सोशल वेलफेयर ने प्रतिभाशाली महिलाओं का किया सम्मान

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सर्वधर्म जनहित एवं समाजसेवी संस्था अवाम ए हिन्द सोशल वेलफेयर कमेटी द्वारा सम्मान समारोह का अयोजन किया गया। इसमें विभिन्न क्षेत्रों में समाज को गौरवान्वित करने वाली महिलाओं का सम्मान किया गया। यह आयोजन संस्था कार्यालय रामनगर में आयोजित किया गया। इसमें स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा, तकनीकी, सामाजिक क्षेत्र में प्रधान आरक्षक के. पदमा, नलिनी गजभिये एंटी करप्शन ब्यूरो, भारती विकास पाठक, डॉ. गुलनार आलम, शिक्षिका शैला निगार, अनीता गजभिये, डॉ. यशफी रहमान, दीपाली दुबे, नीतू सोनकर समेत 11 लोगों को संस्थापक मोहम्मद सज्ज़ाद खान द्वारा मोमेंटो, शॉल, श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

### स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्यरत 70 महिलाओं का हुआ सम्मान




अग्रोहा कॉलोनी चंगोराभाठा स्थित 2050 हेल्थकेयर सेंटर ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर केंद्र की 70 डॉक्टर्स, नर्सेस एवं स्वास्थ्यकर्मी महिलाओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्र के स्टेट हेड प्रीतिरंजन मोहंती, विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर सुनिता चन्सौरिया, डॉ. उज्जवल तमेर एवं एंटरप्रेन्योर नेहा गुप्ता शामिल हुईं। वहीं, कार्यक्रम में क्लीनिकल हेड डॉ. संगीता भट्टाचार्याजी, डॉ. भानुप्रिया, डॉ. अनिल शर्मा, डॉ. अमित कन्नोजे, डॉ. स्वाति सिंह, हेमलता साहू, पद्मा शर्मा, वरिष्ठ डॉक्टर्स, फिजियोथेरेपिस्टस, नर्सेज एवं स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

### महाराष्ट्र मंडल ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस




महाराष्ट्र मंडल के सखी निवास में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता वरिष्ठ आजीवन सभासद डॉ. कमल वर्मा रहीं। वहीं, सखी निवास प्रभारी नमिता शेष ने सखी निवास में रहने वाली सभी नारी शक्ति को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नारी का सम्मान सिर्फ एक दिन नहीं, अपितु हमेशा होना चाहिए। इस अवसर पर सखी निवास मैनेजर कमलेश्वरी साहू, वार्डन मंजिरी भगाड़े, महाराष्ट्र मंडल की लेखा व्यवस्थापिका बी. नंदिनी नायडू सहित सखी निवास में निवासरत अन्य महिलाएं और छात्राएं उपस्थित रहीं।

### महिला दिवस पर प्रेरणादायक व्याख्यान का आयोजन

शहर की शैक्षणिक एवं सामाजिक संस्था युवा द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक प्रेरणादायक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता पल्लवी पांडेय प्रदेश सह-संयोजक, भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ, कोषाध्यक्ष रेड क्रॉस सोसायटी एवं अध्यक्ष सौभाग्य फाउंडेशन रहीं।



## सिटी स्पोर्ट्स

### डी एम सी प्रीमियर लीग शुरु



**कुम्हारी।** डी एम सी प्रीमियर लीग सीजन 1 क्रिकेट टूर्नामेंट शनिवार को प्रारम्भ हुआ। टूर्नामेंट का उद्घाटन प्रेस क्लब कुम्हारी के अध्यक्ष विक्रम शाह ठाकुर एवं भाजपा मंडल उपाध्यक्ष इमरान रिज़वी के हाथों नारियल तोड़कर किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच कुम्हारी हंटर एवं कुम्हारी हीटर के मध्य खेला गया। जिसमें कुम्हारी हीटर ने जीत दर्ज की। प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड धर्मेन्द्र यादव को दिया गया। इस टूर्नामेंट में कुल 6 टीमें हिस्सा ले रही है। आयोजन में वेद प्रकाश साहू, सिद्धार्थ वाधवानी, दीपक गोस्वामी, आलोक सिंह, देवाशीष दास, राजू मंडल, राकेश मंडल, सिद्धार्थ , करण राधेश्याम, उमेश, राजेश, बबलू, ध्रुव कुमार नायक एवं दिनेश राजपूत सहित कमेटी के सभी सदस्य उपस्थित थे।

### अंतर विश्वविद्यालय बॉक्सिंग स्पर्धा में हिस्सा लेने रविवि की टीम पंजाब रवाना



**रायपुर।** अंतर विश्वविद्यालय महिला बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी जालंधर पंजाब में 9 से 14 मार्च तक आयोजित है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की महिला बॉक्सिंग टीम 6 मार्च को रवाना हुई। टीम के खिलाड़ियों को शारीरिक शिक्षा विभाग की संचालक डॉ. रीता वेणुगोपाल तथा डॉ. सी. डी. आगासे ने शुभकामनाएं दिए। टीम में संजना, छाया, पूजा, सुष्मिता, ईशा, दामिनी, और खुशबू शामिल हैं। टीम के मैनेजर आदिल अहमद तथा कोच शहनाज बेगम हैं।

### प्रतिभा 11 की 8 विकेट से जीत



**भिलाई।** प्रतिभा 11 क्लब सेक्टर 5 द्वारा आयोजित महिला क्रिकेटर प्रतियोगिता द्वितीय वर्ष में रविवार को शानदार मुकाबले हुए। खेले गए मैच में बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर- 1 में प्रथम सेमीफाइनल मैच प्रतिभा 11 एवं खुर्सीपार 11 के मध्य खेला गया। जिसे प्रतिभा 11 ने 13 रन से जीता। प्लेयर ऑफ द मैच रितिका गुप्ता रही। दूसरा सेमी फाइनल मैच नित्या 11 एवं रौनक 11 के मध्य खेला गया । परिणाम नित्या 11 ने 16 रन से जीता । प्लेयर ऑफ द मैच संतोषी तीसरे स्थान के लिए हुए मैच में खुर्सीपार 11 क्लब ने रौनक 11 को 8 विकेट से पराजित किया । प्लेयर ऑफ द मैच जानकी रेड्डी रही। फाइनल मैच प्रतिभा 11 एवं नित्या 11 के मध्य खेला गया । जिसे प्रतिभा 11 ने 8 विकेट से जीता । प्लेयर ऑफ द मैच रितिका गुप्ता रही। फाइनल मैच एवं पारितोषिक वितरण समारोह के मुख्य अतिथि ओलंपियन एवं अर्जुन अवार्डी राजेंद्र प्रसाद उप महाप्रबंधक( क्रीड़ा सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधा विभाग )भिलाई इस्पात संयंत्र थे। इस अवसर पर मोहम्मदआरिफ के सौजन्य से प्रथम पुरस्कार, श्री छोटू के द्वारा द्वितीय पुरस्कार और शकुंतला साहू के द्वारा तृतीय पुरस्कार की राशि प्रदत की गई। इस दौरान नितिन नायर , शिखा राय , कुलजीत सिंह , पीके सिंह, शमा , टोशु , सागर चावडा और अनमोल सिंह सहित खेल प्रेमी उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता के बेस्ट बेटर रानू प्रधान, बेस्ट बॉलर रुचिका, बेस्ट कैच गरिमा बेस्ट विकेट कीपर शशि चंद्रा, बेस्ट फील्डर मीनू सिंह, बेस्ट आईकॉनिक प्लेयर डालिया एवं प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रितिका गुप्ता रहे। रविवार के मैचो के अंपायर सपन काकडे, हेमंत ठाकुर, स्कोरर विनोद देवघरे एवं पीयूष मिश्रा, कॉमेंटेटर अभय सुधाकर मोहरील और पिच क्यूरेटर आजाद अहमद खान थे । कार्यक्रम का संचालन सरिता सगोत्रा ने किया।

### नेशनल वॉलीबाल चैम्पियनशिप में साईं कम्बाइंड टीम ने जीता सिल्वर मेडल



**रायपुर।** 46वीं सब जूनियर नेशनल वॉलीबाल चैम्पियनशिप का आयोजन 24 फरवरी से 01 मार्च तक हुगली (पश्चिम बंगाल) में किया गया। जिसमें साईं कम्बाइंड टीम ने सिल्वर मेडल हासिल किया। इन पदक विजेता खिलाड़ियों का एस.टी.सी.,रायपुर में इंचार्ज सहित सभी स्टाफ एवं खिलाड़ियों ने स्वागत किया।

हृदय रोग और हार्ट अटैक के मामले तेजी से बढ़ रहे, सावधानी जरूरी

# कोलेस्ट्रॉल-ट्राइग्लिसराइड में संतुलन नहीं तो परेशानी दे सकता है आपका दिल, बदलाव करें अपनी दिनचर्या में

हृदय रोग, दुनियाभर में मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक है। कुछ दशकों पहले तक इसे उम्र बढ़ने के साथ होने वाली बीमारी के रूप में जाना जाता था, हालांकि समय के साथ अब युवा-वयस्क भी इसके शिकार होते जा रहे हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि कोरोना महामारी के बाद से गंभीर हृदय रोग और हार्ट अटैक के मामले काफी तेजी से बढ़ गए हैं। जिन लोगों को कोरोना का संक्रमण रहा है उनमें जोखिम और भी अधिक हो सकता है।

इसके अलावा अगर आपकी लाइफस्टाइल और आहार गड़बड़ है तो इससे खतरा और भी बढ़ जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी उम्र के लोगों को हार्ट की सेहत का ध्यान रखने की सलाह देते हैं। हृदय रोग विशेषज्ञ कहते हैं, नियमित रूप से कुछ जांच कराते रहना हृदय की सेहत पर ध्यान रखने में सहायक हो सकता है। विशेषतौर पर यदि आपके ब्लड में कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड का स्तर सामान्य से अधिक बना रहता है तो ये अलार्मिंग माना जाता है, ऐसे लोगों में दिल का दौरा पड़ने के साथ कई अन्य जानलेवा समस्याओं का खतरा रहता है। क्या आप कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड के बारे में जानते हैं?



### कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड भी जरूरी

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड दोनों शरीर के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। ट्राइग्लिसराइड्स का उपयोग हमारी कोशिकाएं ऊर्जा के लिए करती है, जबकि कोलेस्ट्रॉल कोशिका झिल्लियों की संरचना के निर्माण करने के लिए महत्वपूर्ण है। हालांकि इनकी बढ़ी हुई मात्रा शरीर के लिए कई प्रकार से नुकसानदायक हो सकती है। जिन लोगों के रक्त में इन दोनों की अधिकता होती है, उनमें हृदय रोगों के विकसित होने और गंभीर स्वास्थ्य जोखिमों का खतरा बढ़ जाता है। आइए इसके बारे में समझते हैं।

### पहले जानिए कोलेस्ट्रॉल क्या है?

कोलेस्ट्रॉल मोम जैसा पदार्थ होता है जिसकी उचित मात्रा शरीर के अच्छे स्वास्थ्य के लिए आवश्यकता होती है। हालांकि कोलेस्ट्रॉल का अस्वास्थ्यकर स्तर हार्ट अटैक के खतरों को बढ़ाने वाली हो सकती है। 200 mg/dL से कम कोलेस्ट्रॉल का स्तर सामान्य है। 240 एमजी/डीएल या इससे अधिक का स्तर उच्च माना जाता है, जो समस्याकारक स्थिति है।




आमतौर पर हाई कोलेस्ट्रॉल के कोई लक्षण नहीं होते हैं। लेकिन अगर इसका इलाज नहीं किया गया और ये बढ़ा हुआ रहता है तो ऐसे लोगों में दिल का दौरा और स्ट्रोक का खतरा अधिक हो सकता है। आहार में गड़बड़ी के कारण बैड कोलेस्ट्रॉल का खतरा अधिक देखा जाता रहा है।

### ट्राइग्लिसराइड से होने वाली समस्या

ट्राइग्लिसराइड्स एक प्रकार का फैट है। मक्खन, तेल



जैसे वसा वाले खाद्य पदार्थों के कारण ट्राइग्लिसराइड्स की मात्रा बढ़ सकती है। 150 मिलीग्राम प्रति डेसीलीटर या इससे कम की मात्रा को सामान्य माना जाता है। इसके बढ़ने के कारण स्वास्थ्य जोखिम भी बढ़ने लगते हैं।

ट्राइग्लिसराइड्स की अधिकता धमनियों को सख्त और इसकी दीवारों को मोटा कर देती है जिससे स्ट्रोक, दिल का दौरा और हृदय रोगों का खतरा बढ़ जाता है। इसकी बढ़ी हुई मात्रा को अग्नाशय और पाचन स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक माना जाता है।



## डेस्क जॉब और दिनभर कुर्सी पर बैठने वाले करें कुछ ऐसा

दुनिया में करोड़ों लोगों की तरह शायद आपकी भी जॉब ऐसी हों, जिसमें दिनभर बैठा रहना पड़ता हो। जो लोग एक स्थिति में घंटों बैठे रहते हैं, उनके शरीर में दर्द होना शुरू हो जाता है। समस्या बढ़ने पर बॉडी पॉश्चर भी बिगड़ सकता है।

आज के समय में बिजनेस मेन हो या ऑफिस जॉब करने वाला, हर कोई सीट पर बैठकर कंप्यूटर / लैपटॉप के सामने घंटों काम करता है। कई लोग इससे राहत पाने के लिए एर्गोनोमिक कुर्सी का प्रयोग करते हैं, जो इस तरह के दर्द को रोकने में मदद कर सकती हैं। लेकिन यह भी हकीकत है कि कई लोगों की दुकान या ऑफिस में इस तरह की महंगी चेयर नहीं होंगी। ऐसे में वे अधिकतर समय एक ही स्थिति में बैठे रहते हैं। ऐसे में अनकम्फर्टेबल कुर्सी पीठ दर्द, सिर दर्द, तनाव, गर्दन और कंधों में जकड़न / अकड़न और लचीलेपन में कमी का कारण बन सकती है। इस अकड़न को कम करने के लिए मसल्स लूज करना जरूरी है, जो कि स्ट्रेचिंग से किए जा सकते हैं।

स्टडी के मुताबिक नियमित रूप से की गई स्ट्रेचिंग गर्दन और कंधे के दर्द को कम करती है। जिससे ऑफिस में प्रोडक्टिविटी बढ़ती है। यदि आप भी उनमें से एक हैं, जो देर



तक एक ही कुर्सी पर बैठकर ऑफिस या डेस्क जॉब करते हैं। इस कारण आपके भी बदन दर्द होता है, तो आज कुछ ऐसे आसान स्ट्रेच जिनसे डेस्क पर काम करते समय बॉडी में बिल्कुल भी अकड़न और दर्द नहीं होता।

### स्ट्रेचिंग के फायदे यहां समझें

ऑफिस में सिटिंग जॉब करने वालों को एक्सरसाइज से भी काफी मदद मिलती है। लेकिन हर कोई जिम नहीं जा सकता। कुछ लोग सुबह बिस्तर पर स्ट्रेचिंग करना पसंद करते हैं। लेकिन कई लोग ऐसा नहीं करते। ऐसे लोगों को बताना चाहूंगा, स्ट्रेचिंग के कुछ फायदे भी हैं जिनके बारे में हर कोई नहीं जानता। स्ट्रेचिंग हर किसी की लाइफ स्टाइल को कई तरह से फायदा पहुंचाती है। भले ही स्ट्रेचिंग में कम समय लगता है लेकिन यह लंबे समय में प्रोडक्टिविटी में सुधार कर सकती है। स्ट्रेचिंग से जोड़ों और मसल्स का ब्लड फ्लो बढ़ता है। जैसा वर्कआउट करते समय भी होता है और आप अच्छा महसूस करते हैं। विभिन्न मसल्स में खिंचाव के बाद शरीर आमतौर पर बेहतर महसूस करता है। लेकिन ऑफिस में स्ट्रेचिंग करते समय विशेष रूप से ध्यान रखें कि आप ठंडे मसल्स को ढीला कर रहे हैं। इसलिए धीरे-धीरे स्ट्रेच करें, नहीं तो मसल्स में खिंचाव आ सकता है। गर्दन, पीठ, कंधों, हिप्स की अकड़न ध्यान में रखते हुए फ्लेग्जिबिलिटी स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज कुछ ही समय में आपको शरीर की अकड़न कम करने में मदद करेगी।



## अग्रवाल प्रीमियर लीग 4.0 का भव्य समापन, 12 टीमों के रोमांचक मुकाबलों ने बांधा समां

**रायपुर।** अग्रवाल युवा मंडल, रायपुर द्वारा आयोजित दो दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट "अग्रवाल प्रीमियर लीग 4.0" का भव्य समापन रविवार को हुआ। रायपुर के सुपर-6 ग्राउंड, सीजी क्लब सिविल लाइंस में आयोजित इस प्रतियोगिता में समाज की कुल 12 टीमों ने भाग लिया और दो दिनों तक रोमांचक मुकाबले खेले गए। पूरे टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन और दर्शकों के उत्साह ने आयोजन को यादगार बना दिया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि लक्ष्मी वर्मा (सदस्य, महिला आयोग छत्तीसगढ़), वैभवी अग्रवाल (आईएएस) एवं विशेष अतिथि नवनीत अग्रवाल (अध्यक्ष – यूथ विंग, क्रेडाई छत्तीसगढ़) थे। फाइनल मुकाबले में विजेता एवं उपविजेता टीमों को अतिथियों द्वारा ट्रॉफी एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विशेष अतिथि नवनीत अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के खेल आयोजन युवाओं को एक मंच प्रदान करते हैं, जहां वे अपनी प्रतिभा दिखाने के साथ-साथ आपसी भाईचारे और टीम भावना को मजबूत करते हैं। मुख्य अतिथि लक्ष्मी वर्मा ने कहा कि खेल युवाओं को अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व की भावना सिखाते हैं। वैभवी अग्रवाल ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल व्यक्ति के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं और युवाओं को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी सक्रिय रहना चाहिए। इस अवसर पर अग्रवाल सभा के अध्यक्ष विजय अग्रवाल ने कहा कि अग्रवाल प्रीमियर लीग का उद्देश्य समाज के युवाओं को एक मंच पर लाकर उनमें आपसी




भाईचारे और खेल भावना को बढ़ावा देना है। समाज के सहयोग से यह आयोजन लगातार सफल होता जा रहा है। युवा मंडल अध्यक्ष सीएस सौरभ अग्रवाल ने कहा कि इस टूर्नामेंट में समाज की 12 टीमों ने जिस उत्साह के साथ भाग लिया, वह युवाओं की खेल के प्रति बढ़ती रुचि को दर्शाता है। आगे भी ऐसे आयोजन और बड़े स्तर पर किए जाएंगे। युवा मण्डल प्रभारी कमल अग्रवाल ने कहा कि अग्रवाल युवा मंडल का उद्देश्य समाज के युवाओं को खेल, सेवा और सामाजिक गतिविधियों से जोड़ना है। अग्रवाल प्रीमियर लीग इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। मीडिया प्रभारी उदित अग्रवाल ने सभी प्रायोजकों, टीम ओनर्स, खिलाड़ियों और सहयोगियों के सहयोग से हुए सफलतापूर्वक आयोजन की जानकारी दी।

## घर में बेलपत्र का पौधा लगाने का नियम जाने वास्तु के नजरिए से



बेल के पौधे को ज्योतिष और वास्तु में बहुत शुभ माना जाता है। इस पौधे की पत्तियों को हमेशा भगवान शिव की पूजा में अर्पित किया जाता है। ऐसा कहा जाता है कि यदि आप इस पौधे को घर पर लगा रही हैं तो वास्तु के नियमों का पालन जरूरी है। धार्मिक दृष्टिकोण से, बेल के पेड़ को पवित्र और प्रभावशाली माना जाता है और इस पेड़ की पूजा से घर में सुख-शांति और समृद्धि का वास होता है। इसलिए, बेल के पेड़ को शिव जी के साथ जुड़ी हुई विशेष पूजा और आस्था का हिस्सा माना जाता है।

घर में बेल का पौधा लगाना वास्तु शास्त्र और धार्मिक दृष्टिकोण से बहुत शुभ माना जाता है। विशेष रूप से यह पौधा भगवान शिव से जुड़ा है, इसलिए जिस स्थान पर ये पौधा होता है वहां भगवान शिव की कृपा दृष्टि सदैव बनी रहती है। मान्यता है कि इस पौधे को यदि आप अपने घर की सही दिशा में लगाती हैं तो सदैव शिव जी की कृपा दृष्टि बनी रहती है। यही नहीं इससे सकारात्मक ऊर्जा पूरे घर में फैलती है। हालांकि आप जब भी ये पौधा घर में लगाएं इसकी सही दिशा का ध्यान रखना बहुत जरूरी है और इस बात का भी ध्यान रखने की जरूरत है कि यह पौधा किसी भी कारण से सूखना नहीं चाहिए। आपको इस पौधे की नियमित देखभाल करनी चाहिए और इस पर समय-समय पर जल चढ़ाना चाहिए। वास्तु शास्त्र के अनुसार, बेल का पौधा घर के उत्तर-पूर्व यानी ईशान कोण या उत्तर दिशा में ही लगाना सबसे शुभ माना जाता है।





















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## जैन मलिक ने हदीद को दिया था धोखा, सुपरमॉडल से सिंगर ने नहीं किया प्यार



जैन मलिक ने हाल ही में अपनी पूर्व पार्टनर गिगी हदीद के साथ अपने रिश्ते पर बात की। उन्होंने कहा कि पांच साल तक डेट करने और एक बेटी खई होने के बावजूद, उन्हें नहीं लगता कि वे कभी गिगी से प्यार करते थे। ज़ैन ने बताया कि उस समय उन्हें लगा होगा कि यह प्यार था, लेकिन अब उन्हें लगता है कि यह प्यार नहीं बल्कि कुछ और था।

एक वक्त पर जैन मलिक जीजी हदीद को हमेशा अपने पास रखना पसंद करते थे लेकिन अभी पिछले काफी समय से दोनों साथ में दिखाई नहीं दिए। दोनों को अलग हुए पांच साल से भी अधिक समय हो गया है और अब जाकर वन डायरेक्शन के पूर्व सदस्य जैन मलिक ने इस पर बात की। जैन ने कहा कि हालांकि दोनों ने पांच सालों तक डेट किया लेकिन उन्हें अब लगता है कि उनके बीच प्यार कभी था ही नहीं।

जैन ने शो कॉल हर डैडी पर कहा, ₹सच कहूं तो यह बात रिकॉर्ड पर रहे, मैं हमेशा जी से प्यार करूंगा, क्योंकि मेरी बच्ची के इस दुनिया में होने का कारण वही है और मैं उनका बहुत सम्मान करता हूं।₹ बता दें कि जैन और गिगी की 5 साल की बेटी खई है। जैन ने कहा कि मैं हमेशा उनसे प्यार करूंगा, लेकिन मुझे नहीं पता कि मैं उनसे प्यार करता था या नहीं।₹ हालांकि जैन को पक्का नहीं पता कि क्या उन्हें कभी सुपरमॉडल से सचमुच प्यार हुआ था। सिंगर अभी भी इस पर कंफ्यूज दिखे। दोनों का नाम सबसे पहली बार साल 2016 में जोड़ा गया था। उन्होंने फिर दोहराया, “मैं उनसे बहुत प्यार करता हूं, लेकिन नहीं, मुझे नहीं लगता कि उस समय मैं उनसे प्यार करता था।”

### टॉलीवुड

## 14 राज्यों में शादी की मिठाई बांटेंगे , फूड ट्रक भेजकर करेंगे फैंस का मुंह मीठा



विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना बीते 26 फरवरी को शादी के बंधन में बंधे। अपनी शाही शादी की खुशियां कपल अपने फैंस के साथ मनाएगा, इसके लिए देशभर में मिठाई बांटी जा रही है। विजय और रश्मिका मंदाना की शादी का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। बीते 26 फरवरी को उदयपुर में 'विरोश' रस्मो-रिवाज के साथ विवाह बंधन में बंध गए हैं। अपनी शादी की खुशी में कपल ने अपने फैंस का मुंह मीठा कराने की तैयारी की है। देश के तमाम हिस्सों में मिठाई पहुंचाई जाएगी। इसके लिए ट्रक भरकर मिठाई रवाना की गई है। खुद विजय ने यह जानकारी अपने फैंस के साथ साझा की है। विजय और रश्मिका ने एक साझा सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए फैंस का आभार जताया है। उन्होंने लिखा है, 'इस देश के खूबसूरत लोगों के लिए। आप हमेशा हमारी यात्रा और हमारे प्यार का हिस्सा रहे हैं। हम अपनी जिंदगी के इस खूबसूरत पल की खुशी आप सभी के साथ शेयर करने के लिए पूरे देश में प्यार और मिठाइयों से भरे ट्रक भेज रहे हैं। हम देश भर के कई मंदिरों में अन्नदान करेंगे। आप सभी का आशीर्वाद चाहिए'।

विजय और रश्मिका की शादी की मिठाई तेलंगाना से लेकर बिहार तक 14 राज्यों के अलग-अलग शहरों में भेजी जाएगी। दिल्ली, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान, आंध्र प्रदेश सहित कई स्टेट शामिल हैं। इसके अलावा कपल अलग-अलग मंदिरों में आनंदनम भी करवाएंगे। इसके तहत मंदिरों में भोज परोसा जाएगा। विरोश ने अपनी शादी की खुशी में फैंस को शामिल करके एक मिसाल पेश की है। जिन मंदिरों में अन्नदान करने वाले हैं, उसकी सूची कपल ने साझा की है। रश्मिका और विजय ‘गीता गोविंदम’ और ‘डियर कॉमरेड’ जैसी फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं।

### भोजपुरी

## काजल राघवानी की 'वैदेही' का दमदार ट्रेलर छाया, बहू वाले अवतार ने उड़ाए होश



भोजपुरी फिल्म स्टार काजल राघवानी की फिल्म 'वैदेही' का ट्रेलर चर्चा में हैं। इसमें वैदेही का रूप ऐसा है, जो झकझोर कर रख देता है। कहानी और ट्विस्ट भी चौंकाने वाले हैं। ट्रेलर देख भोजपुरी के फैंस तारीफ कर रहे हैं। भोजपुरी फिल्मों की क्वीन कही जाने वालीं काजल राघवानी अपनी एक फिल्म को लेकर चर्चा में हैं, जिसका नाम है 'वैदेही' और ट्रेलर रिलीज हो चुका है। फिल्म में काजल राघवानी वैदेही नाम की एक ऐसी लड़की का किरदार निभा रही हैं, जिसकी शादी एक ऐसे घर में कर दी जाती है, जहां कोई भी मिलकर नहीं रहता। वैदेही कैसे उस चिड़ियाघर रूपी घर को वृंदावन बनाती है, वह बड़ी खूबसूरती से ट्रेलर में दिखाया गया है। 'वैदेही' का ट्रेलर काफी दिलचस्प है और इसे खूब पसंद किया जा रहा है। 'वैदेही' एक भावुक कर देने वाली फैमिली ड्रामा फिल्म है। ट्रेलर में उन पलों की भी झलक दिखाई गई है, जब वैदेही के पति की एक हमले में मौत हो जाती है और वह विधवा हो जाती है। उस वक्त ससुर एक पिता बनकर बहू का कैसे साथ देता है, वह दिल छू लेने वाला है। काजल राघवानी भी खूब जमी हैं और वैदेही के किरदार में दमदार लगी हैं। कुछ कहानियां ऐसी होती हैं, जो हमेशा के लिए दिलों पर छाप छोड़ जाती हैं और 'वैदेही' की कहानी कुछ ऐसी ही है। इसकी झलक फिल्म के ट्रेलर में भी नजर आती है। 'वैदेही' में कई दमदार डायलॉग भी हैं। एक डायलॉग है, जो शुरू में आता है और पूरी फिल्म का सार बताता है।




### विरासत की देन

भारत में 2026 के लिए एथनिक फ़ैशन पारंपरिक विरासत और मॉडर्न, आरामदायक और टिकाउपन के फ़्यूज़न पर आधारित है। जिसमें मुख्य ट्रेंड्स में कई तरह की ड्रेप वाली साड़ियाँ, वाइब्रेंट लहंगा चोली और कंटेंपररी, इंडो-वेस्टर्न, सिल्हूट जैसे को-ऑर्ड सेट, जंपसूट और पलाज़ो सूट शामिल हैं। मुख्य ट्रेंड्स में फ़्यूज़न और मॉडर्नाइज़ेशन शामिल हैं। 2026 के लैंडस्केप में रेडी-टू-वियर साड़ियाँ, केप और जंपसूट जैसे कम रोक-टोक वाले डिज़ाइन होंगे, जो आराम और आसान स्टाइल पर ज़ोर देंगे।

## बाजार में मिलती हैं कई तरह की लिपस्टिक, खरीदने से पहले परख लें


अगर महिलाओं के सबसे प्रिय मेकअप की बात करें तो उसमें लिपस्टिक सबसे ऊपर ही आती है। लिपस्टिक के भी कई प्रकार होते हैं, जिनके बारे में जानना हर किसी के लिए बेहद जरूरी होता है। जिससे आप जब लिपस्टिक खरीदने जाएं तो आपको इसके बारे में सही से पता हो और आप अपने लिए सही लिपस्टिक का चुनाव कर सकें।

### क्रेयॉन लिपस्टिक

आजकल की लड़कियों को क्रेयॉन लिपस्टिक बेहद पसंद आती है। ये देखने में बिल्कुल ऐसी होती है, जैसे कि हम बचपन में रंग भरने के लिए क्रेयॉन का इस्तेमाल करते हैं। इसकी सबसे खास बात ये है कि ये लंबे समय तक होंठों को नमी देती है। इसके इस्तेमाल से होंठ सूखते नहीं हैं।

### पैंसिल लिपस्टिक

ये देखने में बिल्कुल पैंसिल के जैसी ही होती है। इसके इस्तेमाल के लिए सबसे पहले



पैंसिल लिपस्टिक की मदद से होंठों की लाइन बनाएं, इसके बाद आप चाहें तो इसी पेंसिल के इस्तेमाल से लिपस्टिक लगा सकती हैं।

### मैट लिपस्टिक

अगर आपको ऐसी लिपस्टिक पसंद आती हैं, जो लंबे समय तक टिकी रहे तो मैट लिपस्टिक का इस्तेमाल जरूर करें। इसके इस्तेमाल से पहले होंठों पर लिप बाम जरूर लगाएं। अगर आप लिप बाम का इस्तेमाल नहीं करेंगी, तो होंठ सूखने लगेंगे।

### क्रीम लिपस्टिक

ये बिल्कुल मैट लिपस्टिक की तरह ही होती है। बस फर्क इतना होता है कि, क्रीम लिपस्टिक को आप बिना लिप बाम लगाए लगा सकते हैं। इसका क्रीमी टेक्सचर आपको खूबसूरत लुक देने का काम करता है।

### ग्लॉसी लिपस्टिक

बहुत सी लड़कियों को ग्लॉसी लिपस्टिक काफी पसंद आती है। ऐसे में आपके कलेक्शन में भी एक ग्लॉसी लिपस्टिक होनी ही चाहिए।

### लिप टिंट

आजकल लड़कियों को लिपस्टिक की बजाए लिप टिंट काफी पसंद आते हैं। इसे कैरी करना आसान होता है। इसके साथ ही इसे लगाना भी काफी आसान होता है।

## साड़ी का बॉर्डर निकालकर दोबारा करें इस्तेमाल, लोग तारीफ करते नहीं थकेंगे



बदलते फैशन के दौर में साड़ी एक ऐसा परिधान है, जो कभी आउटडेटेट नहीं होती। कई बार ऐसा होता है कि महिलाएं एक ही साड़ी पहनते-पहनते बोर हो जाती हैं। ऐसे में हम आपको साड़ी को दोबारा इस्तेमाल करना जरूर आना चाहिए।



आपको बताएंगे, कि कैसे आप अपनी प्रिय साड़ी के बॉर्डर का इस्तेमाल कई तरह से कर सकती हैं। इससे आपके पास एक खूबसूरत सा आउटफिट भी तैयार हो जाएगा, साथ ही में आपकी फेवरेट साड़ी आपके पास ही रहेगी। साड़ी को दोबारा इस्तेमाल करने के लिए आपको ज्यादा कुछ करने की जरूरत नहीं हैं।

### ब्लाउज में लगवाएं बॉर्डर



अगर आपके पास हैवी जरदोजी के वर्क वाली साड़ी है तो आप इसका बॉर्डर निकलवाकर अपने ब्लाउज में लगवा सकती हैं। बॉर्डर का इस्तेमाल ब्लाउज की स्लीव्स में किया जा सकता है। इसके साथ ही आप चाहें तो बैक डिजाइन में भी इसका इस्तेमाल कर सकती हैं।

### प्लेन साड़ी में लगाएं बॉर्डर

अगर आपके पास कोई प्लेन साड़ी है, जिसे आप खास बनाना चाहती हैं, तो पुरानी साड़ी के बॉर्डर को आप इस प्लेन साड़ी में लगा सकती हैं। इससे आपके साड़ी का लुक काफी बदल जाएगा।

साड़ी के बॉर्डर को दोबारा कैसे इस्तेमाल करें ?

### प्लेन सूट में करें इस्तेमाल

अपने प्लेन सूट का लुक बदलने के लिए आप साड़ी के बॉर्डर का इस्तेमाल कर सकती हैं। साड़ी के बॉर्डर को आप स्लीव्स, नेक और बैक में लगवा सकती हैं।

### दुपट्टे पर लगवाएं

साड़ी के इस बॉर्डर को आप अपने प्लेन या प्रिंटेड दुपट्टे के साथ कैरी कर सकती हैं। इससे आपके दुपट्टे का लुक एकदम से बदल जाएगा।

## मेंस फैशन में स्किन केयर से जुड़ी ऐसी गलतियां अक्सर करते हैं लोग

क्या आप भी शेविंग क्रीम की जगह फोम का प्रयोग करते हैं? या फिर बॉडी और फेस के लिए आप भी एक ही साबुन का इस्तेमाल करते हैं? अगर हां तो जरा सावधानी बरतिए। जाने अनजाने में हम ऐसी गलतियां करते हैं और हमें एहसास भी नहीं होता कि हम अपनी स्किन को कितना नुकसान पहुंचा रहे हैं।

### हर काम के लिए एक साबुन

चेहरे की त्वचा सबसे संवेदनशील होती है और इसकी देखभाल की कुछ अनूठी जरूरतें होती हैं। अपने शरीर और चेहरे को एक ही साबुन से धोना अच्छा विचार नहीं है। ऑर्गेनिक इंग्रीडिएंट्स वाले फेस वॉश का उपयोग पुरुषों के लिए बेस्ट है। एक्टिवेटेड चारकोल युक्त फेस वॉश एक अच्छा विकल्प है। यह कैमिकल्स के बिना बैक्टीरिया और गंदगी को हटाता है, जो आपकी त्वचा को लंबे समय तक नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसलिए अपने पुराने साबुन को आज ही हटा दें और इसके बजाय नैचुरल सोप या बॉडी वॉश का उपयोग करें।



### हो सकती है जलन

फोमिंग शेविंग क्रीम आपकी त्वचा के लिए अच्छी नहीं है। यह आपकी त्वचा की रक्षा करने और आपके रेजर को चिकनाई देने में नाकाम रहता है। हवा के बुलबुले जिन्हें आप फोम कहते हैं, आपके चेहरे को जलन से बचाने के कुछ नहीं करते हैं। इसके बजाय पुरुषों के लिए लोशन आधारित नो-फोम शेव क्रीम बेहतर है। पुरुषों के लिए दिन में दो बार फेस वॉश का इस्तेमाल करना जरूरी है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि पुरुषों के लिए फेस मॉइस्चराइज़र उतना महत्वपूर्ण नहीं है।

## अट्रैक्टिव लुक के लिए ऑफिस में पहनें ऐसे फुटवियर, मिलेगी तारीफ

ऑफिस गोइंग वीमेन कई बार इस समस्या में उलझ जाती है कि ऑफिस में वो किस तरह के फुटवियर पहनें जो अट्रैक्टिव लुक दें और साथ ही कंफर्टेबल भी हो। इसी के साथ महिलाएं इस बात को लेकर भी कन्फ्यूज्ड रहती हैं कि कौन-से आउटफिट के साथ कौन-से फुटवियर पहने और इस वजह से कई बार वो गलत फुटवियर को चुनाव भी कर लेती हैं लेकिन इस आर्टिकल के जरिए उनकी सारी कन्फ्यूजन खत्म हो जाएगी।

### फ्लैट सैंडल

अगर आपकी हाइट अच्छी है तो आप ऑफिस में फ्लैट सैंडल पहन सकती हैं। फ्लैट सैंडल जहां कंफर्टेबल हैं तो वहीं फ्लैट सैंडल को पेंट या लेगिंग्स के साथ भी



पहन सकते हैं। ये फ्लैट सैंडल ऑफिस के परफेक्ट फुटवियर है। फ्लैट सैंडल के कई सारे ऑप्शन आपको बाजार और ऑनलाइन प्लेटफार्म पर मिल जायेंगे। यहां से आप फ्लैट सैंडल के कई सारे डिजाइन में खरीद सकती हैं। जो आपको 500 से 1000 की कीमत में मिल जाएंगे।

### स्नीकर्स

ऑफिस में पहनने के लिए स्नीकर्स भी बढ़िया ऑप्शन है। अगर आप वेस्टर्न ड्रेस या जीन्स पहनकर ऑफिस जा रही है तो इस ऑउटफिट के साथ स्नीकर्स पहन सकती हैं। इसी के साथ लॉन्ग शर्ट, लॉन्ग टॉप साथ ही टॉप के साथ भी स्नीकर्स पहन सकती हैं। स्नीकर्स में जहाँ इन दोनों वाइट रंग बड़ा ही ट्रेंड इ हैं जिसे खूब पसंद किया जाता है तो वहीं स्नीकर्स के कई सारे ऑप्शन भी आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगह मिल जायेंगे। यहां से आप इन्हें सस्ते दामों में कई सारे डिजाइन में खरीद सकती हैं। जो आपको 300 से 700 के बीच खरीद सकते हैं।

### कार्नर न्यूज

### गर्मी में हर फैशनेबल लड़के को पहननी चाहिए ऐसी शर्ट, लोग कहेंगे वाह

## सूरज का पारा चढ़ रहा, ऐसे में स्टाइलिश हाफ स्लीव्स शर्ट्स खूब जंचेगी आप पर

हाफ स्लीव्स शर्ट्स गर्मी के दिनों के लिए ही बेहतर मानी जाती हैं। लॉकडाउन फैशन ट्रेंड्स में भी हाफ शर्ट्स की डिमांड खूब दिख थी क्योंकि इनको किसी भी बॉटम वियर के साथ आसानी से मैच कर सकते हैं। लेकिन परफेक्ट लुक के लिए हाफ स्लीव्स शर्ट्स की गाइड पढ़नी जरूरी है। क्योंकि केवल हाफ शर्ट की शॉपिंग करने से बात नहीं बनने वाली। अधिकतर उम्रदराज पुरुषों को हमने इस तरह की शर्ट्स में देखा है। इसलिए भी कई लड़के हाफ शर्ट पहनने से कतराते हैं। फिलहाल इस परेशानी को दूर करने के लिए हम आपको यहां पर कुछ स्टाइलिश हाफ स्लीव्स शर्ट्स की जानकारी देने जा रहे हैं।

### ट्राइब प्रिंटेड शर्ट्स

अगर हाफ स्लीव शर्ट्स स्टाइलिश और नॉर्मल से थोड़ी हटकर हो तो हर किसी का पहनने का मन करेगा। इस तरह के प्रिंट देखने में काफी मनमोहक लगते हैं।

### बैंड कॉलर शर्ट्स

शर्ट्स के कॉलर लुक को निखारने



के काम करते हैं। इसलिए इस तरह की कॉलर स्टाइल वाली हाफ स्लीव शर्ट पहनें। इनको पहनते वक्त कॉलर बटन जरूर बंद करें।

### हाफ स्लीव प्रिंटेड शर्ट

वैसे तो प्रिंट में कई डिजाइन की शर्ट्स मिलेंगी लेकिन आप गर्मी के लिए इस तरह की हाफ स्लीव शर्ट्स ट्राय करें। इनका कलर और डिजाइन सुकून देने वाला है।

### मैप प्रिंट हाफ स्लीव शर्ट

मैप प्रिंट हाफ स्लीव शर्ट सामान्य शर्ट्स की तुलना में अच्छी दिखती हैं। इस स्टाइल की शर्ट्स को कहीं भी पहनकर जा सकते हैं।

### क्यूबन कॉलर शर्ट्स

क्यूबन कॉलर वाली शर्ट्स को पहनना बहुत कम लोग पसंद करते हैं। लेकिन जिन्हें गले और सीने के पास थोड़ा खुलापन चाहिए वे इस स्टाइल वाली शर्ट पहनते हैं।

### लीफ प्रिंट शर्ट्स

फ्लोरल और लीफ प्रिंट शर्ट्स में बहुत अधिक अंतर नहीं है। लेकिन आपको केवल पत्तों का प्रिंट चाहिए तो ये शर्ट सही रहेगी।

### स्ट्राइप्ड शर्ट

स्ट्राइप्ड शर्ट लंबे समय से हम पहनते आ रहे हैं। मगर यहां पर दी गई हाफ स्लीव शर्ट में थोड़ा नयापन दिख रहा है। इसलिए लेटेस्ट ट्रेंड को पसंद करने वालों के लिए ये सही है।

